


आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 10 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-15 ■ वर्ष -41 ■ अंक-073 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 11 जून 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112







मुख्यमंत्री ने शहीद आकाश को कंधा देकर दी श्रद्धांजलि

# नम आंखों के साथ रायपुर ने अपने लाल को किया विदा

रायपुर 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी विस्फोट में शहीद हुए एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा शहीद के पार्थिव शरीर को कंधा देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद श्री गिरपुंजे के शोक-संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएँ प्रकट कीं और उन्हें इस कठिन समय में ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण का परिचय देते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुःख की घड़ी में उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लगातार हो रही सुरक्षाबलों की सफल कार्रवाइयों से नक्सली बौखलाए हुए हैं। छत्तीसगढ़ सरकार इस चुनौती से निपटने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शहीद श्री गिरपुंजे की वीरता और देशभक्ति को सदैव याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा, अपर मुख्य सचिव गृह विभाग श्री मनोज कुमार पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरुण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, शहीद के परिजन, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

## परिसर खाली कराकर कराई गई जांच, मचा हड़कंप

**बिलासपुर, 10 जून.** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। बिलासपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। हाईकोर्ट के आधिकारिक वेबसाइट पर धमकी भरा ईमेल भेजा गया। इसमें कोर्ट परिसर को उड़ाने की बातें कही गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाईकोर्ट परिसर को खाली कराकर जांच कराई गई, लेकिन इस दौरान कहीं कुछ नहीं मिला।

धमकी मिलने के बाद अचानक तनाव और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक ईमेल संदेश ने सबको चौंका दिया, जिसमें कहा गया था कि कोर्ट परिसर में अमोनियम सल्फर आधारित आईईडी बम लगाया गया है। ये ईमेल किसी 'मद्रास टाइगर्स फॉर अजमल कसाब'नामक संगठन के नाम से आया था।

पुलिस और खुफिया एजेंसियों के साथ-साथ बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड को तुरंत हरकत में आना पड़ा। यह धमकी छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर नोटिस बोर्ड के रूप में दिखाई दी। जैसे ही यह सूचना मिली, प्रशासन ने तुरंत कोर्ट परिसर को खाली कराया और सभी न्यायाधीशों, वकीलों और स्टाफ को सुरक्षित स्थान पर भेजा गया। हाईकोर्ट में समर वेकेशन के बाद सोमवार से कामकाज शुरू हुआ। इस दौरान कोर्ट परिसर में



जजों के साथ ही वकील और पक्षकार भी मौजूद थे। तभी दोपहर बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के वेबसाइट पर ईमेल के माध्यम से धमकी भरा मेसेज मिला, जिसमें हाईकोर्ट में बम लगाने और परिसर को उड़ाने की धमकी दी गई। मेसेज देखकर हाईकोर्ट के प्रोटोकॉल अफसर ने इसकी जानकारी पुलिस अफसरों को दी गई। जिसके बाद पुलिस भी अलर्ट मोड पर आ गई। ईमेल आईडी अब्दुल abdia@outlook.com से भेजे गए मेसेज में संवेदनशील मुद्दों का उल्लेख किया गया था। इनमें अजमल कसाब को फांसी देने और कुछ व्यक्तियों को हिरासत में लेने जैसी घटनाओं का हवाला देते हुए इसे एक "पवित्र मिशन" बताया गया।

# बैंक ऑफ बड़ौदा के लॉकर से गायब हुआ 50 लाख का सोना, सुरक्षा पर सवाल

भिलाई, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के भिलाई शहर के सिविक सेंटर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां लॉकर में रखे लगभग 50 लाख रुपए मूल्य के सोने के जेवरात गायब हो गए हैं। इस घटना की शिकायत पीड़ित दरोगा सिंह ने पुलिस से की है और मामले में गहन जांच शुरू कर दी गई है। भिलाई के सड़क नंबर 5 निवासी दरोगा सिंह ने बताया कि वह वर्ष 1991 से बैंक ऑफ बड़ौदा के सिविक सेंटर शाखा में लॉकर का उपयोग कर रहे हैं। 17 जनवरी 2025 को बैंक कर्मियों ने उन्हें फोन कर जानकारी दी कि उनका लॉकर ठीक से काम नहीं कर रहा है और उसमें रखे आभूषणों को दूसरे लॉकर में शिफ्ट करना होगा। दरोगा सिंह बैंक पहुंचे और बैंक कर्मियों की मौजूदगी में जेवरात को नए लॉकर में स्थानांतरित कर दिया गया। लेकिन जब




वे 22 अप्रैल 2025 को दोबारा लॉकर देखने पहुंचे तो पाया कि उसमें रखे दो पैकेट सोने के जेवरात गायब हैं।

लॉकर में दरोगा सिंह की पत्नी श्यामा सिंह और बेटी आराधना सिंह के कीमती सोने के जेवर रखे थे। जब उन्होंने बैंक कर्मियों से जानकारी लेनी चाही तो उन्हें टालने की कोशिश की गई। इससे परेशान होकर उन्होंने तुरंत भिलाई नगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई और जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) से मिलकर भी पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है और बैंक की सीसीटीवी फुटेज, लॉकर ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड और बैंक स्टाफ के बयानों की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि गायब हुए जेवरात की असली कीमत कितनी है, फिलहाल पीड़ित परिवार ने इसे लगभग 50 लाख रुपए आंका है। दरोगा सिंह, जो कि एचएससीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने कहा कि वह 1991 से लॉकर का इस्तेमाल कर रहे हैं और कभी ऐसी लापरवाही नहीं हुई। उन्होंने उम्मीद जताई कि पुलिस और बैंक अधिकारी निष्पक्षता से जांच कर जल्द न्याय दिलाएंगे। अब सबकी नजर पुलिस की जांच पर है, जो यह साफ करेगी कि यह चोरी है, लापरवाही या कोई अंदरूनी साजिश। 50 लाख रुपए कीमती जेवरातों का इस तरह गायब हो जाना आम बात नहीं, और ऐसे मामलों में पारदर्शिता और जिम्मेदारी तय करना बेहद जरूरी है।



# चलते-चलते ट्रैक पर सो गए मजदूर, दो की मौत

बालोद, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

तेज रफ्तार ट्रेन के चपेट में आने से दो युवकों की मौत और दो गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे। सभी युवक इस दौरान हादसा हुआ है। सुबह-सुबह चार बजे की यह घटना बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजहरा थाना क्षेत्र की यह पूरी घटना है। कुसुमकसा के पास की। सभी युवक झारखंड के रहने वाले बताए जा रहे हैं, जो कि बालोद मजदूरी करने आए थे। युवकों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। जहां सड़क के बाजे ये रेल मार्ग में पैदल सफर कर रहे थे। बालोद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका ठाकुर ने बताया कि सुबह लगभग 4 बजे की यह घटना है और यह सभी झारखंड के मजदूर हैं और यह रेलवे ट्रैक पर पैदल चल रहे थे। जहां यह थक्कर वहीं पर सो गए थे। इसी दौरान ट्रेन आते देखी तो एक युवक ने आवाज लगाई तो दो लोग उठकर भागने में सफल हुए जो घायल हैं। वहीं दो लोग भाग नहीं पाए या समय रहते नहीं उठ पाए तो वह ट्रेन की चपेट में आ गए। इससे उनकी मृत्यु हो गई। सभी को जिला अस्पताल लाया गया है और दल्ली राजहरा थाना क्षेत्र की यह घटना है मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। यूको का झुंड है जो की रोजी मजदूरी करने यहां पर आया हुआ था उक्त घटना के बाद अब झारखंड उनके परिजनों से संपर्क किया जा रहा है वही खबर लिखे जाने तक योगी के सिंहगड संबंधी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है और सब को पंचनामा के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। वहीं जो घायल युवक हैं उनका इलाज किया जा रहा है। यह मजदूर कहां से हैं कि ठेकेदार के पास जा रहे थे सारी जानकारी पुलिस खंगाल रही है।


# 5 आईएएस अफसरों को मिला अतिरिक्त प्रभार

रायपुर, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

राज्य शासन ने 5 आईएएस अफसरों को उनकी मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ-साथ अतिरिक्त प्रभार दिया है. ऊर्जा सचिव डॉक्टर रोहित यादव को शासन ने पयर्टन एवं संस्कृति की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी है. वहीं राजस्व एवं आपदा प्रबंध के साथ-साथ जीएडी का प्रभार संभाल रहे अविनाश चम्पावत को जन शिकायत की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है. आवास एवं पर्यावरण विभाग संभाल रहे अंकित आनंद को उनके मौजूदा प्रभार के साथ-साथ वाणिज्यक कर ( पंजीयन) की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है. इसी तरह गृह सचिव हिमशिखर गुप्ता के पोर्टफोलियो में श्रम विभाग का अतिरिक्त प्रभार जोड़ा गया है. एनआरडीए सीईओ सौरभ कुमार के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की वजह से चंदन कुमार को नया सीईओ बनाया गया है. उनकी मौजूदा जिम्मेदारी बनी रहेगी. आदेश के मुताबिक 2002 बैच के आईएएस रोहित यादव को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव पर्यटन एवं संस्कृति विभाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है. 2003 बैच के आईएएस अधिकारी अविनाश चंपावत को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव जनशिकायत निवारण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. 2006 बैच के आईएएस अफसर अंकित आनंद को वर्तमान




कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव वाणिज्य कर (पंजीयन) विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. 2007 बैच के आईएएस अफसर हिमशिखर गुप्ता को वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा गृह, जेल एवं श्रम आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. 2011 बैच के आईएएस अधिकारी चंदन कुमार को सीईओ एनआरडीए बनाया गया है.


छत्तीसगढ़ शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

//आदेश//

नवा रायपुर, दिनांक : 10/06/2025

क्रमांक ई 1-01/2025/एक-2 :: राज्य शासन एतद्द्वारा **डॉ. रोहित यादव**, भा.प्र.से. (2002), सचिव, ऊर्जा विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (CSPGCL), अध्यक्ष, छ.ग. स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (CSPDCL) को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ **सचिव, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

2/ **श्री अविनाश चंपावत**, भा.प्र.से. (2003), सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा पुनर्वास विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार पदेन राहत एवं पुनर्वास आयुक्त, आयुक्त, भू-अभिलेख, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ **सचिव, जन शिकायत निवारण विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

3/ **श्री अंकित आनंद**, भा.प्र.से. (2006), सचिव, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग, सचिव, आवास एवं पर्यावरण विभाग, अध्यक्ष, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ **सचिव, वाणिज्यिक कर (पंजीयन) विभाग** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

4/ **श्री हिमशिखर गुप्ता**, भा.प्र.से. (2007), सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार सचिव, गृह एवं जेल विभाग को अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त **सचिव, श्रम विभाग** के पद पर पदस्थ करते हुए **सचिव, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सचिव, गृह एवं जेल विभाग तथा श्रमायुक्त** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है।

5/ **श्री चंदन कुमार**, भा.प्र.से. (2011), विशेष सचिव, वित्त विभाग तथा अतिरिक्त प्रभार विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, संचालक, बजट का अति. प्रभार को केवल **विशेष सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग** के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त करते हुए श्री सौरभ कुमार, भा.प्र.से. (2009), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति हेतु कार्यमुक्त होने की तिथि से **मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण** का अतिरिक्त प्रभार सौंपता है। शेष प्रभार यथावत् रहेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से
तथा आदेशानुसार,

(रजत कुमार)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग

2.....

## तुर्किए के कट्टर दुश्मन के 'घर' में जाएंगे पीएम मोदी

**नई दिल्ली, 10जून।** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तुर्किए ने न सिर्फ खुलकर पाकिस्तान के सपोर्ट में बयान दिए, बल्कि भारत के खिलाफ लड़ने के लिए ड्रोन्स और मिसाइलों की भी सप्लाई की. इस हिमाकत के बाद भारत ने तुर्किए को चारों तरफ से घेरने की तैयारी कर ली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसके सबसे बड़े कट्टर दुश्मन साइप्रस की यात्रा करने वाले हैं. प्रधानमंत्री मोदी 15 से 17 जून तक कनाडा में होने वाले G-7 सम्मेलन में शामिल होंगे, लेकिन कनाडा से पहले वह साइप्रस जाएंगे और वापसी में क्रोएशिया से होते हुए भारत आएंगे. साइप्रस के साथ तुर्किए की दुश्मनी साल 1974 से चली आ रही है.

## मेला तो सुहेलदेव का लगना चाहिए, सालार मसूद का नहीं : योगी

**लखनऊ, 10 जून।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को बहराइच के लोगों को बड़ी सौगात दी। बहराइच पहुंचे सीएम योगी ने 1,243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण /शिलान्यास किया। उन्होंने महाराजा सुहेलदेव की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान योगी ने कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को सबक सिखाया। विदेशी आक्रांताओं के नाम पर आयोजन नहीं होगा। बहराइच में मेला महाराजा सुहेलदेव के नाम पर लगना चाहिए। विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी के नाम पर नहीं। सालार मसूद का मेला बंद हो गया। इससे गुलामी की मानसिकता से मुक्ति मिल गई। सालर मसूद आक्राता था उसके ऊपर मेला गुलामी का प्रतीक है। बहराइच में काजी की नहीं, महराजा सुहेलदेव की पूजा और सम्मान होना चाहिए।




# ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी: 11 छात्रों की मौत, 28 घायल

**वियना, 10जून।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है। पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। एम्बुलेंस में घायलों को तुरंत मेडिकल मदद दी गई। घायल छात्रों को



एयर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल से जाते रेस्क्यू वर्कर्स। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है। ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं।

# सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित 11 वर्ष संकल्प से सिद्धि की जीवंत मिसाल है: भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,10 जून।** भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने 9 जून को 11 साल पूरे कर लिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके 11 साल के कार्यकाल में देशवासियों की जिंदगी आसान हुई है। कई बड़े व ऐतिहासिक फैसले, वैश्विक प्रतिनिधित्व, देश की सुरक्षा में ऐतिहासिक उपलब्धियां और देश की प्रगति के साथ ही जनाकांक्षाओं को उन्होंने पूरा करते हुए हमेशा राष्ट्र के प्रति समर्पित रहे। उनके कुशल नीतियों एवं योजनाओं से ही आज देश के हर व्यक्ति के जीवन में सकारातमक परिवर्तन स्पष्ट दिख रहा है वहीं आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को बधाई देते हुए कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 11 सफलतम वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं। यह कालखंड एक राष्ट्रपुरुष की संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से गढ़ी गई उस यात्रा की कहानी है, जिसमें भारत ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए शिखर छुए हैं। 'सबका साथ, सबका विकास' की भावना से प्रेरित यह अमृतकाल, भारत को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पड़ाव है। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र का सफल नेतृत्व करना केवल संकल्प, साधना और राष्ट्रभक्ति से ही संभव है। अमृतकाल के सारथी मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में %नए भारत% ने नारी सशक्तिकरण, आर्थिक विकास, कृषक उत्थान, विरासत के संरक्षण, विकास की गति, सांस्कृतिक पुनरूत्थान, राष्ट्रीय सुरक्षा और वैश्विक प्रतिष्ठा के निरंतर नए आयाम स्पर्श किए हैं। आज उनके कुशल नीतियों का ही परिणाम है कि हमारा देश विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरी है।

आर्थिक क्षेत्र से लेकर अंतरिक्ष तक, भारत हर क्षेत्र में महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।भावना बोहरा ने 11 वर्षों में देश में हुए ऐतिहासिक परिवर्तन आए हैं वहीं जनहितैषी योजनाओं से आमजनों के जीवन स्तर में सुधार आया है। जन धन योजना, यूपीआई और डिजिटल इंडिया जैसी पहलों ने भारत को 'पेपरलेस, लाइनलेस और टाइमलेस' बनाते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया है। धारा 370 का उन्मूलन, राम मंदिर का निर्माण, तीन तलाक की समाप्ति और आतंकवाद के विरुद्ध सर्जिकल, एयर स्ट्राइक एवं ऑपरेशन सिंदूर जैसे निर्णायक कदमों ने राष्ट्रीय अस्मिता एवं स्वाभिमान को नए आयाम दिए हैं। प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला, एवं सौभाग्य जैसी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों को गरिमापूर्ण जीवन देने के साथ साथ आयुष्मान भारत योजना और जन औषधि केंद्रों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवा को मुफ्त और सुलभ बनाया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की मूल भावना के साथ भारत ने 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' तक की जो यात्रा तय की है, वह 'विकसित भारत - आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की अमिट आधारशिला बन चुकी है।उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 81 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन मिल रहा है, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल से स्वच्छ जल की आपूर्ति हो रही है, आवास योजना से 4 करोड़ से अधिक घरों का निर्माण हुआ है, पीएम जनमन योजना से आदिवासी व दूरस्थ अंचलों में निरंतर विकास व अधोसंरचना निर्माण के कार्य आकर ले रहें हैं, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय का निर्माण हुआ है, पीएम स्वनिधि योजना से 68 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को आर्थिक संबल मिल रहा है, मुद्रा योजना से 52 करोड़ से अधिक उद्यमियों को लोन मिला है, महतारी वंदन योजना से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिला, 77 करोड़ आयुष्मान हेल्थ अकाउंट बनाए गए, पीएम विश्वकर्मा योजना से कारीगरों को लाभ मिल रहा है, स्टार्टअप इण्डिया से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ा, किसानों को सशक्त बनाने के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड से तत्काल ऋण सुविधा, 25 करोड़ से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड बनाए गए, लखपति दीदी एवं ड्रोन दीदी से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया गया। ऐसे कई ऐतिहासिक निर्णय, योजनाएं एवं जनहित के लिए फैसलें इन विगत 11 वर्षों में लिए गए हैं जिसने हर व्यक्त के जीवन में सकारात्मक परिणाम लेकर आए हैं वहीं भारत का वर्चस्व भी विश्व में बढ़ाया है। मैं पुनः माँ भारती और 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित सेवा, सुशासन, सशक्तिकरण और अंत्योदय की इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को उनके दृढ़ एवं समर्पित नेतृत्व के लिए हार्दिक अभिनंदन करती हूँ।

## एक नजर

### ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाली महिला गिरफ्तार



**भिलाई, 10 जून।** भिलाई ब्राउन शुगर सप्लाई करने वाली महिला को मोहन नगर थाने पुलिस ने महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया है एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में पूर्व में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि अवैध शराबए मादक पदार्थए नशीली दवाईयों की अवैध कारोबार तस्करी व बिक्री करने वालो के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। मामले के एक अन्य फरार आरोपी महिला चित्रा मनोज रहांगडाले ;37 वर्षद्ध निवासी ईतवारी रेलवे स्टेशन शाद अस्पताल के सामने थाना शांति नगर नागपुर ;महाराष्ट्रद्ध को आज गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है मोहन नगर थाना में 25 मई को नारकोटिक्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना के दौरान प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र विश्वकर्मा एवं करण रंगारी को गिरफ्तार जेल भेजा गया है। इनसे मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कुल 2०5 ग्राम कीमत 10ए000 रुपए एवं बिक्री से प्राप्त नगदी रकम 5000 रूपये तथा घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल को बरामद कर वैधानिक कार्रवाई की गई। मामले के मादक पदार्थ ब्राउन शुगर सप्लायर फरार आरोपी सोहेल सोलंकी उर्फराजा सोलंकी उर्फराज को 8 जून को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### छात्र से मारपीट

**भिलाई, 10 जून।** भिलाई जेवरा सिरसा चौकी पुलिस ने बताया कि उत्कर्ष सिंह इंजीनियरिंग की प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। ग्राम चिखली के देव संस्कृति हॉस्टल में रहता है। आरोपी प्रेमसागर और पी गौरव उसके कॉलेज में द्वितीय वर्ष के छात्र हैं रात करीब 11 बजे सीनियर प्रेम सागर ने उसे कॉल कर हास्टल के बाहर बुलाया बाहर आने पर पी. गौरव और प्रेम सागर मिले दोनों बातों में लगाकर उसे खपरी तालाब के पास ले गए, जहां उससे पैसे की मांग करने लगे उसके द्वारा मना करने पर भड़क गए और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी उस दौरान प्रेमसागर ने अपने कड़े से सिर के पीछे मारा, जिससे सिर में गहरी चोट लग गई। इस बीच आरोपी पी. गौरव ने उसकी पैंट की जेब में रखे 2100 रूपए को जबर्दस्ती लूट लिया और दोनों मौके से भाग गए ।

### शेयर के नाम पर ठगी, एक गिरफ्तार


**भिलाई, 10 जून** भिलाई शेयर मार्केट व रकम दोगुना करने का झांसा देकर करोड़ो का ठगी करने वाले युवक को वैशाली नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है घटना में चार आरोपी शामिल है पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है बाकी तीन आरोपी अब भी फरार है आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120-बी, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया है वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि कोहका निवासी ज्ञान प्रकाश साहू प्रापर्टी डीलर से वर्ष 2019 को उत्तम कुमार साहू के साथ निखिल चंद्राकार, पवन साहनी, उमेश पटेल साथ में मुलाकात किया। चारों युवकों ने ज्ञान प्रकाश को इंफीनाक्स केपिटल एक ट्रेडिंग कंपनी संचालन उत्तम साहू, निखिल चंद्राकार, पवन साहनी, उमेश पटेल के द्वारा किया जाता है। कइसमें रकम लगाओ हर माह 10 से 20 प्रतिशत लाभ होने का झांसा दिया।

## कोविड महामारी के बाद हड्डी रोगों के आ रहे नए मामले:अनुपम



**भिलाई, 10 जून।** कोविड महामारी के बाद हड्डियों की बीमारियों ने भी अपना स्वरूप बदला है और कई नए और गंभीर किस्म के मामले आ रहे हैं। खासकर ऑस्टियोप्रोसिस जैसी बीमारी बड़ी समस्या के रूप में सामने आयी है जिसमें हड्डियाँ कमजोर और भंगुर होने लगती हैं, हड्डियों के नरम पड़ते जाने से उनका टूटना आसान हो जाता है। गिरने या मामूली चोट लगने से भी हड्डियों के टूटने का खतरा बढ़ जाता है। देश के प्रख्यात आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अनुपम लाल ने तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत के दौरान उक्त जानकारी देते हुए बताया कि हड्डी की बीमारी ऑस्टियोप्रोसिस में मरीज के हड्डियों का क्षरण होने लगता है। एक निश्चित उम्र के पश्चात हार्मोन्स कम होने लगते हैं। बीएसपी के सेक्टर-9 हॉस्पिटल भूतपूर्व आर्थोपेडिक सर्जन डॉ अनुपम लाल ने बताया कि कंधे, कोहनी और घुटने को लेकर भी समस्याएं बढ़ी हैं। इसीलिये वे अभ्यास और कंधे, कोहनी और घुटने की सर्जरी पर जोर देते हैं। टेंडन, लिगामेंट, कार्टिलेज और हड्डी की मरम्मत करने के लिए अनेक माध्यमों का उपयोग किया जाता है। डॉ लाल ने कहा कि उन्हें घुटने के प्रत्यारोपण में विशेष रुचि है और वे सैकड़ों घुटनों का प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक कर चुके हैं। वे सर्जरी से बचने के प्रयासों पर भी जोर देते हुए कहते हैं कि मरीजों को आर्थोपेडिक चोटों का प्रबंधन करने में मदद कर रोगी को ठीक करना उनका प्रमुख उद्देश्य है। डॉ लाल ने बताया कि पेसेंट की स्क्रीनिंग करके इलाज की प्रक्रिया अपनाई जाती है ताकि भविष्य में प्रॉब्लम न हो। उन्होंने बताया कि आज की लाइफ स्टाइल डिसऑर्डर, ईटिंग, स्लीपिंग, पॉस्चर, आधुनिक खानपान, जंकफूड आदि के अधिकाधिक प्रयोग से भी जोड़ों के दर्द की बढ़ोत्तरी हुयी है। जिसमें ऑस्टियोपेनिया जिसका अर्थ है कि आपके पास हड्डियों में उतना कैल्शियम और अन्य खनिज नहीं हैं जितना होना चाहिए। इससे हड्डी का नरम होना, युवावस्था में आर्थराइटिस होना, ओवर वेट होना, डिस्क प्रॉब्लम, महिलाओं में पीठ और पुराने दर्द परेशान करने लगते हैं। डॉ लाल ने बताया कि स्टेज 4 में पहुँच जाने पर ही वे मरीजों शल्य चिकित्सा की सलाह देते हैं नहीं तो दवा और व्यायाम की सुविधा से 90 प्रतिशत ठीक हो जाता है। स्पाइन से संबंधित 90 प्रतिशत बिना ऑपरेशन के बीमारियां ठीक हो जाती हैं। डॉ अनुपम लाल पावर हाउस टी मार्केट में स्वास्थ्य सेवाएं देते हैं जहाँ एक्स रे से लेकर हड्डी एवं नसों से सम्बंधित इलाज की पूरी सुविधा है, जहाँ छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से मरीज आते हैं। भर्ती होने के साथ ही कॉउन्सिलिंग करने की प्रक्रिया यहाँ उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि कोविद के बाद न्यूराइटिस जिसमें तंत्रिका में सूजन आ जाती है यह बीमारी भी देखने में आ रही है। संक्रमण, चोट या ऑटोइम्यून रोग ठीक हो जाते हैं। टीम चिकित्सक के रूप में डॉ अनुपम लाल शोध अन्य जिम्मेदारियों के बीच सामाजिक कार्यों को भी प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कोविड के बाद हड्डी रोगों के बदलाव को लेकर मरीजों आगाह करते हुए कहा कि सावधानी बनाये रखने की जरूरत है।

## जन्मदिन पर प्रेमप्रकाश पांडेय को ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसो. ने दी बधाई



**भिलाई, 10 जून।** पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय को उनके जन्मदिवस के अवसर पर भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह %छोटू% के नेतृत्व में एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सौजन्य भेंट कर शुभकामनाएं एवं अभिनंदन प्रेषित किए। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं है कि प्रेम प्रकाश पाण्डेय दीर्घायु हों, सदैव स्वस्थ रहें और अपने मार्गदर्शन से समाज एवं प्रदेश का सतत मार्गदर्शन करते रहें। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के संरक्षक- महेंद्र सिंग, सुधीर सिंह, बलजिंदर सिंह बिल्ला, कार्यकारिणी अध्यक्ष- अनिल चौधरी, महासचिव - मलकीत सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष - जोगा राव, निर्मल सिंह, सुनील चौधरी, पंकज सिंह, शहनवाज़ कुरैशी, यश सिंह, सोम सिंह, वाजिद अंसारी, ललित मोहन, सुनील शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन का संधारण कर 5 हजार घरों में की गई जलापूर्ति

**भिलाई, 10 जून।** अवंती बाई चौक के समीप फरीदनगर टंकी से संयोजित 300 डाया प्रमुख राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है। इसके माध्यम से फरीदनगर एवं उससे लगे हुए क्षेत्र में नियमित पानी सप्लाई लाइन किया जाता है। दो दिनों में लगभग 5000 घरों में जलापूर्ति बाधित थी। दो से तीन जगहों पर लीकेज था, उसे ठीक कराया गया, फिर भी सप्लाई में समस्या आ रही थी। उसे निगम के अभियंताओं द्वारा गहनता के साथ पता किया गया, तो पता चला कि अवंती बाई चौक के पास से जो राइजिंग पाइप लाइन गुजरती है वह पंचर हो गयी है। इसके कारण पानी सप्लाई 5000 घरों में बाधित हो रहा था। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निर्देश दिया कि गर्मी को देखते हुए बिना देर किए काम शुरू किया जाए। प्राप्त आदेशानुसार उप अभियंता पुरुषोत्तम सिन्हा ने अपनी टीम को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य करवाया। जिसका नतीजा यह रहा कि पाइप लाइन ठीक हो गया है। पहले पानी की टंकी भरी हुई थी, उसके माध्यम से 12 बजे तक जलापूर्ति सुविधा सुचारू रूप से बहाल की गई। पानी का सप्लाई नियमित रूप से होगा। इस सप्लाई से उस क्षेत्र के 5000 से अधिक परिवारों को नियमित पीने का पानी मिलने लगेगा।



## ठेकेदार गुणवत्ता से करें कार्य अन्यथा नहीं होगा भुगतान:शशि सिन्हा



**रिसाली।** नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा ने विजिट के दौरान ठेकेदारों को दो टूक कहा है कि खराब गुणवत्ता वाले कार्य पर निगम भुगतान नहीं करेगा। दरअसल वे निगम क्षेत्र में निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण लगातार कर रही हैं। इस दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र में बनने वाले रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को भी देखा। महापौर शशि सिन्हा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि खराब गुणवत्ता वाले कार्यों की फाइल को आगे न बढ़ाएं। जांच में प्रथम, द्वितीय किस्त जारी करने पर सीधे अधिकारी के खिलाफ गुण-दोष के आधार पर कार्यवाही करने उच्च अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कार्य कई जगह पर चल रहा है। इस कार्य को अधिकारी सूक्ष्मता से देखें। महापौर शशि ने स्थल चयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दी। उन्होंने महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, संजू नेताम, अनिल देशमुख के साथ वार्ड 17 शिव पारा, वार्ड 19 विजय चौक, वार्ड 20 शंकर पारा, वार्ड 26 अवधपुरी में निर्माणधीन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निरीक्षण की। निगम क्षेत्र में भूमिगत जल स्त्रोत को बढ़ाने और बारिश के पानी को सहेजने लगभग 300 स्थानों का चयन रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाने किया गया है। उक्त कार्य अनुराग शर्मा और मेसर्स रविन्द्र भगत द्वारा किया जा रहा है। दोनो ही एजेंसी अलग-अलग क्षेत्रों में कुल 85 चिन्हित स्थानों पर कार्य आरंभ किया है।

## फर्जी डिप्टी कलेक्टर और स्टेनो बनकर जिला कार्यालय में घुसपैठ की कोशिश



**कवर्धा, 10 जून।** दिनांक 08.06.2025 की रात्रि लगभग 09ः30 बजे जिला कार्यालय कवर्धा के मुख्य द्वार पर तैनात सुरक्षा गार्ड द्वारा सूचना दी गई कि तीन व्यक्ति अपने आप को प्रशासनिक अधिकारी (डिप्टी कलेक्टर, स्टेनो आदि) बताकर परिसर में प्रवेश की कोशिश कर रहे हैं एवं ड्यूटी स्टाफ से संदिग्ध तरीके से पूछताछ कर रहे हैं। सूचना मिलते ही कवर्धा पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों संदिग्धों को हिरासत में लिया और थाने लाकर पूछताछ की गई।पूछताछ में इनकी पहचान निम्नानुसार हुईः1. सम्मी ठाकुर पिता कोमल सिंह ठाकुर, निवासी भिलाई, जिला दुर्ग - (फर्जी डिप्टी कलेक्टर)2. शुभलाल राजपूत पिता देवी सिंह राजपूत, निवासी पटेवा, थाना घुमका, जिला राजनांदगांव - (ड्राइवर)3. दुर्गेश सिंह राजपूत पिता लाल सिंह राजपूत, निवासी खैरबना कला, थाना कवर्धा - (फर्जी स्टेनो) । प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ कि तीनों का किसी भी प्रकार से शासकीय सेवा या पद से कोई संबंध नहीं है। इन्होंने जिला कार्यालय में अपने आप को प्रशासनिक अधिकारी बताकर गुमराह किया तथा अधिकारियों और कर्मचारियों को भ्रमित करने का प्रयास किया। उक्त कृत्य से प्रशासनिक व्यवस्था में अवांछित हस्तक्षेप और जनता को भ्रमित करने की साजिश की पुष्टि हुई है।इस घटना की रिपोर्ट सहायक जिला नाजीर अनमोल शुक्ला द्वारा थाना कवर्धा में दर्ज कराई गई। पुलिस द्वारा त्वरित संज्ञान लेकर अपराध क्रमांक 248/2025 अंतर्गत धारा 319(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मामला पंजीबद्ध कर सभी तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया गया।यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कृष्ण कुमार चंद्राकर के पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी कवर्धा के नेतृत्व में संपन्न की गई।कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि यदि कोई व्यक्ति शासकीय पदाधिकारी होने का झूठा दावा करता है या संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें।कबीरधाम पुलिस - फर्जी, ठग और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्यवाही करती रहेगी।

### घर से चोरी, 5 गिरफ्तार

**भिलाई, 10 जून।** भिलाई उमरपोटी चंद्रनगर में दल्ली राजहरा माइंस में माइंस कंट्रोलर के घर गृह प्रवेश की रात लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी करने वाले पांच आरोपियों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया गया है। त्रिनयन ऐप एवं 200 सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों तक पुलिस पहुंची आरोपियों से चोरी गये सोने के आभूषण गले का हार, 3 नग मोबाइल जब्त किया गया है क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि उतई थाना क्षेत्र के शशि कुमार उपाध्याय दल्ली राजहरा माइंस में माइंस कंट्रोलर के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उन्होंने उमरपोटी चंद्रनगर में नया मकान बनवाया है गृह प्रवेश कार्यक्रम था कार्यक्रम में दूर से और आसपास के काफी मेहमान आए थे ।

### सेल के प्रबंधन प्रशिक्षु एक्सटेंशन बैच के इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ



**भिलाई, 10 जून।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) 2025 एक्सटेंशन बैच के केंद्रीय इंडक्शन कार्यक्रम का शुभारंभ 9 जून को भिलाई निवास में आयोजित एक समारोह में हुआ। उद्घाटन निदेशक (कार्मिक-सेल) के.के. सिंह ने वर्चुअली माध्यम से जुड़कर किया और इस अवसर पर उन्होंने मुख्य उद्बोधन भी दिया। इस अवसर पर निदेशक एवं निदेशक प्रभारी का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे मनीष राज गुप्ता ने भी वर्चुअल माध्यम से नवप्रवेशित 57 प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। मंच पर कार्यपालक निदेशक एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार एवं कार्यकारी कार्यपालक निदेशक संजय धर उपस्थित रहे।

### राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**भिलाई, 10 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र के महामाया माइंस के सीएसआर के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण हेतु इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग एंड ट्रैफिक रिसर्च के सहयोग से राजहरा माइंस में ड्राइविंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 9 जून को मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक अरुण कुमार, उप महाप्रबंधक शिवेश कुमार, आईडीटीआर के निदेशक अमित गुप्ता एवं उप प्रबंधक के के वर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

### रावघाट के युवाओं के लिए भुवनेश्वर में प्रशिक्षण कार्यक्रम



**भिलाई, 10 जून।** भिलाई इस्पात संयंत्र ने सेंट्रल टूल रूम एंड ट्रेनिंग सेंटर भुवनेश्वर में सीएनसी टर्निंग विषय पर पाँच माह की आवासीय तकनीकी प्रशिक्षण योजना के लिए रावघाट अंचल से 21 युवाओं के पहले बैच को विदा किया। दुर्ग रेलवे स्टेशन से रवाना हुए ये युवक न केवल अपने परिवारों की उम्मीदें लेकर चले हैं, बल्कि पूरे रावघाट क्षेत्र की आकांक्षाओं को अपने साथ लिए हुए हैं। सीटीटीसी, भुवनेश्वर में उन्हें न सिर्फ अत्याधुनिक औद्योगिक यंत्रों के संचालन और प्रिसिशन मैन्युफैक्चरिंग में प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि आत्मनिर्भरता, श्रम की गरिमा और आधुनिक उत्पादन प्रक्रियाओं की समझ भी विकसित होगी।

### दीपशिखा विद्यालय में मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया



**उतई, 10 जून।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के डायरेक्टर डी एल सिन्हा संरक्षक श्रीमती चंदा सिन्हा, प्राचार्य के आर सिन्हा ,अंग्रेजी माध्यम के इंचार्ज श्रीमती शरणजीत कौर, श्रीमती अनीता अहीर, पालक शिक्षक समिति के सदस्य घनश्याम चंद्राकर, डोमन लाल साहू, श्रीमती तुलसी देवांगन, श्रीमती विद्या साव ,पूर्व सदस्य रवि चंद्राकर ,चरणदास साहू, राजेश महिपाल तथा होनहार छात्र-छात्राओं के पालक गण समस्त शिक्षक - शिक्षिकाएं एवं मेधावी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बिरसा मुंडा का शहादत दिवस मनाया

**उतई, 10 जून।** बिरसा मुंडा की 150 वी शहदात दिवस मनाया गोंडवाना विकास समिति उतई में आज बुढा देव मंदिर में अत्याचार और शोषण के खिलाफ कांति का आगाज करने वाला महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के तैलचित्र पर पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उसके द्वारा किए गये कार्य को याद कर समाज में हित कार्य करने के लिए समाज में उपस्थित लोगों से अपील की इस अवसर पर गोंडवाना विकास समिति के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम पूर्व उपाध्यक्ष अमर सिंह ठाकुर पुजारी रामदयाल ठाकुर शंकर ठाकुर तोरण ठाकुर मातृशक्ति अध्यक्ष सरोज ठाकुर वैदिक ठाकुर डामिन नेताम मायावती मांडवी अजय ठाकुर भरत मंडावी पंकज कुंजाम संतोष नेताम जितेश कुंजाम केशनी मंडावी एवं समाज लोग उपस्थित थे ।



# मुख्यमंत्री ने शहीद एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के निवास पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

रायपुर, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे के राजधानी रायपुर स्थित निवास पहुंचकर उनके पार्थिव देह पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे के शोकसंतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि शहीद एएसपी श्री आकाश राव गिरपुंजे ने अपने कर्तव्य के प्रति अदम्य साहस, निष्ठा और समर्पण दिखाते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया है। हमें उन पर गर्व है। सरकार इस दुख की घड़ी में उनके परिवार के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री के साथ पहुंचे वन मंत्री श्री केदार कश्यप और गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम,अतिरिक्त



पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद सिन्हा ने भी शहीद श्री गिरपुंजे को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज सुकमा के कोंटा में हुई नक्सल घटना के मद्देनजर अपना राजनांदगांव का प्रस्तावित दौरा स्थगित करते हुए मंत्रालय महानदी भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की हाई लेवल बैठक में इस घटना की जानकारी ली। मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट के विषय में अधिकारियों से



जानकारी ली और नक्सल ऑपरेशन्स की समीक्षा की। उन्होंने घायल जवानों को त्वरित रूप से समुचित इलाज उपलब्ध कराने सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री मनोज पिंगुआ, पुलिस महानिदेशक श्री अरूण देव गौतम, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नक्सल ऑपरेशन श्री विवेकानंद सिन्हा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी विस्फोट में घायल जवानों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने घायल जवानों से उनका हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उन्होंने घायल जवानों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने चिकित्सकों को निर्देशित किया।

# छत्तीसगढ़ में कृषि के साथ साथ उद्योगों के विकास के लिए है अनुकूल वातावरण: साय

रायपुर, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में खनिज, वन सहित अन्य प्राकृतिक संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके फलस्वरूप कृषि के साथ-साथ उद्योग-धंधों सहित प्रत्येक क्षेत्र में विकास की अपार संभावनाएं हैं। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी मौजूदा क्षमताओं का सही ढंग से उपयोग कर प्रदेश और देश के नव निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय विगत दिवस नवा रायपुर स्थित आईआईएम परिसर में दंतेवाड़ा के नवोदित उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा जिले के 50 युवाओं का एक बैच देश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थान आईआईएम में उद्यमिता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि यह प्रशिक्षण उनके कैरियर निर्माण एवं जीवन संवारने में अत्यंत कारगर सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जब कोई युवा उद्यमी अपने सपनों को साकार करता है, तो वह अनेक युवाओं के लिए प्रेरणा और अवसर का द्वार खोलता है। यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आप सभी बस्तर क्षेत्र से हैं और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। आज बस्तर को सबसे संभावनाओं वाला क्षेत्र माना जा रहा है। प्रशिक्षण में आपने उद्यमिता से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें सीख ली हैं। अब उन्हें लागू कर अपने उद्यम को आरंभ कीजिए। शासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कृषि क्षेत्र के साथ-साथ उद्योगों के विकास के लिए भी अनुकूल वातावरण है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के समग्र विकास के लिए हम निरंतर नवाचार, अनुसंधान तथा उद्यमिता को प्रोत्साहित कर रहे हैं। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए हमने 'नई औद्योगिक नीति 2024-30' लागू की है। इस नीति का मूल मंत्र हैः "न्यूनतम शासन, अधिकतम प्रोत्साहन।" इसके तहत उद्योग स्थापना की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए 'सिंगल विंडो 2.0' व्यवस्था लागू की गई है, जिसके माध्यम से सभी आवश्यक क्लीयरेंस सुलभता से प्रदान किए जा रहे हैं। नई औद्योगिक नीति में प्रदेश के पिछड़े माने जाने वाले बस्तर और सरगुजा अंचल को सर्वाधिक निवेश प्रोत्साहन क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया



है, ताकि उनका त्वरित विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री श्री साय ने चर्चा के दौरान यह भी बताया कि नई औद्योगिक नीति के अंतर्गत बस्तर में उद्योग स्थापित करने पर विशेष अनुदान का प्रावधान किया गया है। बस्तर के विकास का रोडमैप भी गत माह तैयार किया गया है, जिसमें कृषि, वनोपज आधारित व्यवसाय और पर्यटन सहित सभी प्रमुख क्षेत्रों के लिए योजनाएं बनाई गई हैं। बस्तर की कनेक्टिविटी अब उत्कृष्ट हो गई है, जिससे उद्यमियों के उत्पाद देश भर के बाजारों तक आसानी से पहुँच सकें। सड़कों के सशक्त जाल के माध्यम से विकास को प्रोत्साहन मिलता है। मुख्यमंत्री श्री साय से मुलाकात के दौरान युवा अत्यंत उत्साहित नजर आए और उन्होंने भी अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर बड़े बचेली से श्री चंद्रकुमार साहू, किरंदुल-बैलाडीला से श्री अभिषेक गुप्ता, बचेली से श्री अनिरुद्ध कुमार, बीजापुर से श्री तेजस्व कुमार एवं श्री नीलम पांडे, बचेली से कु. शिल्पा कुमारी तथा दंतेवाड़ा से श्री राकेश यादव सहित कुल 50 युवा उद्यमी उपस्थित थे।

# आजादी के बाद पहली बार पहुंचे जनप्रतिनिधि छिंदराव

छुरिया, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छुरिया विकासखंड के ग्राम पंचायत रानामटिया के आश्रित ग्राम छिंदराव के ग्रामीण आजादी के बाद ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों को छोड़ कोई भी जनप्रतिनिधि इस गांव में नहीं पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि विकास के नाम पर सिर्फ एक सोलर पानी टंकी, आंगनबाड़ी,100 मीटर सीसी रोड ही बना है । छिंदराव के ग्रामीणों ने जनपद पंचायत छुरिया के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को अपने गांव आने का निवेदन किया जनपद सदस्य श्रीमती जैमून बाई कंवर के माध्यम से किया था । निवेदन को स्वीकार कर श्री सिन्हा और जनपद सदस्य जैमुन बाई कंवर ने ग्राम छिंदराव कि ओर निकल पड़े,ग्रामीणों ने पथरा नवागांव के आगे चौक पर इकठ्ठा होकर मौजूद रहे,अध्यक्ष और सदस्य से मुलाकात कर खुश हुए,फिर वहा से दाएं ओर पगडंडी के रास्ते ग्रामीणों के साथ पैदल गांव पहुंचे,ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में यदि अचानक किसी की तबियत खराब हो जाए तो उसे चारपाई में लेटाकर रोड तक लाना पड़ता है तब एंबुलेंस उपलब्ध हो पाता है,इस ग्राम में पंद्रह से बीस आदिवासी परिवार निवासरत है, गांव में आवागमन के साधन नहीं होने से जवान बेटा बेटियों के विवाह करने में भी दिक्कत आने की बात बताई । ग्रामीणों ने सनबोरा जलाशय के निचले हिस्से में रोड निर्माण कराने की बात कही किंतु बांध के निचले हिस्से में वन विभाग की जमीन है मौके से श्री सिन्हा ने खुज्जी रेंजर भंडारी से बात कर वनमार्ग के रूप में व्यवस्थित करने को कहा है,श्री भंडारी ने उक्त मार्ग को वन मार्ग में परिवर्तित करने के कुछ नियम बताया है, उस पर नियमानुसार आगे की कार्रवाही करने के लिए सरपंच राना मटिया को आवश्यक दस्तावेज तैयार करने को कहा गया है । इस अवसर पर गोपी राम अंधिया सरपंच रानामटिया,भीषम शोरी सरपंच बोईरडीह सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# 25 मेडिकल स्टोरों की अनुज्ञप्ति निलंबित

रायपुर 10 जून. ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रदेश में नशीली दवाइयों के अवैध व्यापार पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से राज्यभर में औषधि निरीक्षकों द्वारा पुलिस विभाग के सहयोग से संदेहास्पद मेडिकल संस्थानों में संयुक्त छापामार कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के तहत नारकोटिक दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित रिकॉर्ड, बिलिंग प्रणाली और सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है। साथ ही, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई भी की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ द्वारा विगत दो माह में कुल 2920 मेडिकल स्टोरों का नियमित निरीक्षण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 'नकॉर्ड' ( नेशनल नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन )की राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में 3610 मेडिकल संस्थानों के सीसीटीवी फुटेज का परीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान नारकोटिक दवाओं की बिक्री में अनियमितता पाए जाने पर 25 मेडिकल स्टोरों की अनुज्ञप्ति को निलंबित अथवा निरस्त कर दिया गया है। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के सभी 144 ब्लड सेंटर्स को ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकृत किया जा रहा है। भविष्य में इन केंद्रों से संबंधित समस्त आवेदन एवं प्रक्रियाएं केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। इस क्रम में सभी ब्लड सेंटर्स को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं और पंजीयन की प्रक्रिया प्रगति पर है।

# वेटलैंड के संरक्षण के लिए तैयार करें कार्ययोजना: केदार कश्यप

रायपुर, 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के वेटलैंड के संरक्षण और इससे होने वाले पर्यावरणीय लाभ तथा सामाजिक आर्थिक पहलुओं की जानकारी देने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप के मुख्य आतिथ्य और अपर मुख्य सचिव वन, श्रीमती ऋचा शर्मा की अध्यक्षता में एक निजी होटल में आयोजित कार्यशाला में विभिन्न विभाग के अधिकारियों को वेटलैंड (आर्द्रभूमि) के संरक्षण, प्रबंधन और उचित उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यशाला में वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कहा कि विशेषज्ञों से मिले मार्गदर्शन से राज्य में वेटलैंड संरक्षण को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने कहा कि वेटलैंड को अधिसूचित किया जाए और इनके समुचित उपयोग से आजीविका बढ़ाने की दिशा में कार्य




योजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि कार्यशाला राज्य के वेटलैंड संरक्षण प्रयासों को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। अपर मुख्य सचिव वन, श्रीमती ऋचा शर्मा ने कार्यशाला की रूपरेखा और उद्देश्यों को साझा करते हुए शुरुआत की। वेटलैंड इंटरनेशनल साउथ एशिया के निदेशक डॉ. रितेश कुमार ने वेटलैंड संरक्षण नियम 2017 और एकीकृत विकास योजना पर जानकारी दी। कार्यशाला में अन्य विशेषज्ञों ने भी महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा की। श्री अनिरुद्ध कुलकर्णी ने वेटलैंड नियमों के उल्लंघन पर कानूनी पहलुओं और डॉ. मुर्गानंदन ने वेटलैंड इन्वेंटरी पर व्याख्यान दिया। प्रो. माधव गाडगिल ने वेटलैंड की पारिस्थितिकी पर अपने विचार रखे। डॉ. दिनेश मरोठिया ने वेटलैंड के सामाजिक-आर्थिक पहलुओं को समझाया। कार्यशाला में प्रमुख वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री वी. श्रीनिवास राव, राज्य वेटलैंड प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री राजेश चंदेले, वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, एनजीओ, वेटलैंड मित्र, शिक्षाविद उपस्थित रहे। इस कार्यशाला में सभी जिलों के कलेक्टर ऑनलाइन शामिल हुए।

# जिले में प्रत्येक शनिवार को हो रहा स्वच्छता त्यौहार का आयोजन

राजनांदगांव 10 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़

स्वच्छ भारत अभियान के तहत जिले के ग्रामों में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने राजनांदगांव विकासखंड के ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम बरगा, किरगी-बी, तोरनकट्टा एवं मनकी का निरीक्षण कर स्वच्छता संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम मनकी में स्वच्छता त्यौहार अंतर्गत प्रत्येक घर में शोकपिट निर्माण कर ग्रे-वाटर के निपटान हेतु ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने निर्माणाधीन सेग्रीगेशन शेड को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत भवन मनकी के समीप एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। ग्राम तोरनकट्टा में नियमित



कचरा संग्रहण नहीं होने और सड़क किनारे कचरा पाए जाने की पर नाराजगी व्यक्त की गई और ग्राम पंचायत सचिव पर 250 रूपए का अर्थदण्ड लगाया। उन्होंने निर्माणाधीन ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को एक सप्ताह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम बरगा के निरीक्षण के दौरान ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की और 10 दिनों के भीतर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देशित किया। साथ ही ग्राम बारगा को आदर्श ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने के लिए सभी आवश्यक कंपोनेंट्स की शीघ्र पूर्ति करने कहा गया। सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम किरगी बी पहुंचकर ग्रामीणों एवं स्वच्छताग्राहियों के साथ बैठक लेकर गांव को ब्लॉक स्तर के मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने पर चर्चा की। इस अवसर पर जल संरक्षण, संपूर्ण स्वच्छता और गांव को कचरा मुक्त बनाने के लिए प्रत्येक घर में शोकपिट निर्माण को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि सतत जनसहभागिता का परिणाम है। ओडीएफ प्लस के सभी मानकों को पूर्ण कर ग्रामीणों को स्वस्थ और स्वच्छ जीवनशैली प्रदान करनी है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छताग्राही एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान

## जनपद सीईओ ने विभागों की बैठक लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

नगरी

आदिवासी बाहुल्य गांवों को विकसित और समृद्ध बनाने के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में शामिल किया गया है। इन गांवों में सड़क,बिजली, पानी, पढ़ाई-लिखाई और इलाज की बेहतर सुविधाओं जैसे मूलभूत जरूरतों को विकसित किया जाना है। गांवों में शासन की विभिन्न योजनाओं से शत्-प्रतिशत लोगों को लाभान्वित करने के लिए 15 जून से 30 जून तक धरती आबा संतृप्ति करण शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविर में ग्रामीणों को 17 विभागों की 25 योजनाओं से यथासंभव मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। इन शिविरों में ग्रामीणों के जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र बनाने के साथ-साथ उन्हें राजस्व विभाग की अन्य दूसरी सेवाओं से भी लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, बीमा कार्ड, श्रम कार्ड, श्रम पंजीयन आदि भी किया जाएगा। खेती-किसानी, पशुपालन, मुर्गीपालन, सुअर पालन, मछलीपालन, डेयरी गतिविधियों के इच्छुक ग्रामीणों को इन योजनाओं का फायदा पहुंचाया जाएगा। शिविर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन के प्रकरण तैयार किए जाएंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। गांवों में छूट गए लोगों के मनरेगा जॉब कार्ड बनाए जाएंगे। इस संबंध में नगरी जनपद के सीईओ रोहित बोर्झा ने बताया कि यह कार्यक्रम दिनांक 16 जून से ग्राम पंचायत भवन केरेगांव से प्रारंभ होकर 30 जून को ग्राम पंचायत बरबांधा क्लस्टर में समाप्त होंगे,सीईओ ने सभी विभागों के ब्लाक अधिकारियों की बैठक लेकर अपने अपने विभाग की जानकारी तैयार कर शीघ्र जनपद कार्यालय नगरी में जमा करने के साथ ही शिविरों में ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने निर्देशित किया है।

# आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन कर अधिकारियों को दायित्व सौंपा

**रायपुर,10 जून।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप द्वारा नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने एवं निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित होने पर जल निकासी व बचाव कार्य की व्यवस्था करने हेतु बाढ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । प्रकोष्ठ मुख्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास स्थित मोटर कर्मशाला कार्यालय बनाया गया है। दूरभाष नंबर 0771-2272101, 2274101 में नागरिक बाढ संबंधी सूचनाएं दे सकते है। इसमें मोटर कर्मशाला कार्यपालन अभियंता श्री प्रदीप यादव प्रभारी अधिकारी मोबाईल नंबर 9301953219 के तौर पर बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सूचनाएं संबंधित निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल देने हेतु जवाबदेह रहेंगे। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्य दिनांक 2 जून 2025 से प्रभावशील हो गया है। ज्ञात हो कि नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर प्रकोष्ठ मे 8-8 घंटे की 3 शिफ्ट में अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सम्पूर्ण कार्य के लिये निगम प्रभारी अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय मो.नं. 9424264100 को प्रभारी अधिकारी एवं उनका लिंक अधिकारी निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही मो. नं. 9691285715 को बनाया गया है। अतिवृष्टि @ आपात की स्थिति में पूर्ण नियंत्रण की जवाबदेही संबंधित जोन के जोन कमिश्नर की रहेगी । सभी जोन कमिश्नर प्रकोष्ठ जोन प्रभारी के तौर पर बाढ़ नियंत्रण कार्य करेंगे । अतिवृष्टि के दौरान प्रत्येक वर्षा काल एवं जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डो का भ्रमण कर वे प्रथम सूचना प्राप्त कर जल निकास करके तत्काल बाढ़ प्रभावित परिवारों का आवश्यक व्यवस्थापन करके अनिवार्य व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। जोन स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन जोन कमिश्नर से समन्वय रखकर कार्यो की रोजाना प्रगति से उन्हें अवगत करायेंगे।

समस्त जोन कमिश्नर नगर के जर्जर भवनों की सूची तत्काल तैयार कर जर्जर भवन मालिकों को निगम अधिनियम के तहत नोटिस देने की नियमानुकुल कार्यवाही करेंगे। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्यालय एवं प्रत्येक जोन कार्यालय में बाढ़ से संबंधित शिकायतों के लिये पृथक से शिकायत पंजी प्रविष्ठि कर संधारित की जाये । आयुक्त ने नगर के ऐसे आवासीय व्यवसायिक परिसरों, जिसमें अतिवृष्टि के समय बेसमेंट में पानी भर जाता है, उसे निकालने पंप फायर फाईटिंग उपकरण विद्युत के अवरोध से बचाव व बेसमेंट में पानी में करंट न हो ऐसे बचाव के उपाय हेतु तत्काल संबंधित भवन मालिकों को समय रहते अवगत करा कर सम्पूर्ण बचाव सुरक्षा व्यवस्था जनहित में जनजीवन सुरक्षा हेतु मानसून के दौरान पूर्व निश्चित करवाने निर्देश दिये है। उन्होने सभी जोन कमिश्नरों को प्रत्येक जोन में 100-100 बोरी रेत की व्यवस्था उनका तालाबों, नालों, नहरों के कटाव को रोकने के लिए सदुपयोग करने रखवाने के निर्देश दिये है।

## जनदर्शन में सुनी गई आम नागरिकों की समस्याएं

**कोरबा 10 जून ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री दिनेश नाग ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना।

# कार्यालय में घुसकर उपद्रव करने की घटना निंदनीय और शर्मनाक है: महापौर

**रायपुर,10 जून।** रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के अध्यक्ष श्री प्रमोद जाधव और पदाधिकारियों ने नगर निगम रायपुर के वरिष्ठ अधिकारियों सहित रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चैबे से निगम मुख्यालय भवन के महापौर कक्ष में जाकर उन्हें विगत 4 जून 2025 को नगर निगम रायपुर के जोन 8 कार्यालय परिसर के भीतर की गयी उपद्रव की घटना को लेकर आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही करवाने की मांग की. इस पर महापौर श्रीमती मीनल चैबे ने नगर निगम जोन 8 कार्यालय परिसर में हुई उपद्रव की घटना को अत्यंत निंदनीय और



शर्मनाक घटना निरुपित करते हुए रायपुर नगर पालिक निगम कर्मचारी एकता संघ के सभी पदाधिकारियों और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों को आश्वस्त किया कि शीघ्र जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिलकर उनसे प्रकरण को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए नगर निगम कार्यालय में उपद्रव की घटना के आरोपियों पर जमानतीय धाराओं के स्थान पर गैर जमानतीय धारायें लगाकर नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की जाएगी. महापौर श्रीमती श्रीमती मीनल चैबे ने कहा कि प्रकरण में नियमानुसार आवश्यक कड़ी कार्यवाही आरोपियों पर करवाए जाने पहल और कार्य किया जायेगा. नगर निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी पर फील्ड में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था रायपुर जिला पुलिस अधीक्षक से मिलकर प्रशासनिक तौर पर विशेषकर कार्यवाही के दौरान पूर्व निश्चित करवाई जाएगी. महापौर श्रीमती मीनल चैबे से मिलने गए.

## संपादकीय

# ईवीएम के बाद चुनाव को लेकर नए सवालों में कितना दम

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र में 2024 के विधानसभा चुनावों में जो कुछ हुआ, उसके आधार पर चुनाव संचालन को लेकर परेशान करने वाले सवाल उठाए हैं। कुछ खास मुद्दे हैं: आम चुनाव और विधानसभा चुनावों के बीच मतदाता सूची में सूचीबद्ध मतदाताओं की संख्या में असामान्य वृद्धि, मतदान के दिन शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में वृद्धि तथा मतदान प्रक्रिया के सीसीटीवी फुटेज तक पहुंच को प्रतिबंधित करने के वास्ते केंद्र द्वारा चुनाव संचालन नियम, 1961 में संशोधन किया जाना। गांधी ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति की उस प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है, जिसमें केंद्र सरकार ने 2023 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लागू करने से इनकार कर दिया है। उक्त फैसले में निर्वाचन आयुक्तों का चयन करने वाले पैनल के एक हिस्से के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने की सिफारिश की गई थी। भले ही कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों ने अतीत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों के बारे में शिकायतें उठाई हैं, लेकिन प्रशासनिक और तकनीकी सुरक्षा उपायों के मद्देनजर उनमें से कई जांच में खरी नहीं उतरीं। कांग्रेस ने अब चुनावी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर लिया है जिन राज्यों में आम चुनाव और विधानसभा चुनाव निकट थे, वहां पंजीकृत मतदाताओं की संख्या के बारे में 'द हिन्दू' द्वारा किए गए एक शुरुआती विश्लेषण से पता चला कि विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं की संख्या में तेज उछाल के उदाहरण मौजूद थे। जहां विधानसभा चुनावों से पहले जोड़े गए नये मतदाताओं की संख्या ज्यादा थी - आम चुनावों के बाद मात्र छह महीनों में 39 लाख से ज्यादा मतदाता जुड़े – वहीं 2014 में भी इसी किस्म की बढ़ोतरी देखी गई थी। लगभग चार मिलियन मतदाताओं की बढ़ोतरी एक बड़ी तादाद है और भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को सत्यापन के लिए मतदाता सूची से संबंधित मशीन द्वारा पठनीय आंकड़ों को सक्रियतापूर्वक जारी करना चाहिए। इस आरोप के संबंध में कि शाम 5 बजे के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी असामान्य थी, यह तर्क सही नहीं है। यह मतदान के तात्कालिक आंकड़ों पर आधारित है और भारत निर्वाचन आयोग के आंकड़ों से पता चलता है कि महाराष्ट्र में शाम 5 बजे के बाद मतदान में कोई उल्लेखनीय बढ़ोतरी नहीं हुई। ईसीआई द्वारा एक ऐप के जरिए साझा किए गए मतदान प्रतिशत के तात्कालिक (प्रोविजनल) आंकड़े पूरी तरह से सटीक नहीं होते हैं, क्योंकि ये चुनाव के दौरान संख्याओं की हाथ से की गई (मैनुअल) प्रविष्टि पर निर्भर होते हैं और मशीन की सटीक गणना से तुलना करने पर इनमें विसंगतियां हो सकती हैं। चुनाव प्रक्रिया में ईवीएम को लेकर लगातार सवाल कांग्रेस उठाते रही है. ईवीएम में खामी साबित करने में नाकामी के बाद अब जो सवाल उठाए गए हैं उनको लेकर जवाब देकर पारदर्शिता बढ़ाने का दायित्व भारत निर्वाचन आयोग पर है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए धैर्य व संयम से काम लेने वाला रहेगा। आप किसी प्रलोभन के चक्कर में अत्यधिक मात्रा में धन ना लगाएं। आपको किसी से कोई वादा सोच समझकर करना होगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। बेवजह का तनाव मिलने से आपकी समस्याएं बढ़ सकती हैं। कार्यक्षेत्र में आप कोई जरूरी जानकारी किसी से शेयर ना करें। आपका प्रमोशन होते-होते रुक सकता है, इसलिए आपको कामों में पूरी मेहनत व ईमानदारी दिखानी होगी। आप परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे उनकी पुरानी यादें ताजा होगी।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपनी अच्छी सोच से कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होगी और उन्हें कहीं बाहर से पढ़ाई का ऑफर भी आ सकता है। जल्दबाजी के किसी काम से आपको कोई नुकसान होगा, इसलिए आप थोड़ा ध्यान दें। आपका मन विचलित रहने से आप परेशान रहेंगे।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। बिज़नेस कर रहे लोगों को किसी विशेषज्ञ की सलाह की आवश्यकता होगी। आपको अपने काम को लेकर धैर्य व संयम बनाए रखना होगा। आपको अकस्मात धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा, लेकिन आपके सामने आज कुछ ऐसे खर्चे आएंगे, जो मजबूरी में ना चाहते हुए भी करने पड़ेंगे। आप अपनी नौकरी के काम से कहीं यात्रा पर जा सकते हैं।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। यदि कोई समस्या लंबे समय से आपको बनी हुई थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है, लेकिन कार्यक्षेत्र में आपके शत्रु आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश कर सकते हैं। आप शौक मौज की चीजों की खरीदारी पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। यदि जीवनसाथी आपसे नाराज चल रहे हैं, तो आप उन्हें मनाने की पूरी कोशिश करें। पारिवारिक मामलों को आप घर में ही निपटाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने भाई के स्वास्थ्य को लेकर चिंता हो सकती है। आप किसी काम में बिना सोचे समझे हाथ ना बढ़ाएं, नहीं तो आपका वह काम बिगड़ सकता है। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति यदि आपसे मेल मिलाप करने आए तो आप उसमें गढ़े मुर्दे ना उखाड़ें, नहीं तो बेवजह के लड़ाई झगड़े बढ़ेंगे। दोस्तों के साथ आप कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे। आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करना अच्छा रहेगा।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपके चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। संतान को किसी परीक्षा में सफलता मिलने से आप उनके लिए किसी सरप्राइज पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। व्यापार में आपको मन मुताबिक लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसे वापस मिलने में आपको थोड़ी समस्या तो आएगी, लेकिन आपके सभी काम अच्छे से पूरे होंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आप अपनी मेहनत से कार्यक्षेत्र में कोई अच्छा मुकाम हासिल कर सकते हैं।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप अपने अनुभवों का लाभ उठाएंगे और किसी को काम को लेकर कोई सलाह भी दे सकते हैं। नौकरी की तलाश में लगे लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा। यदि आपको काम को लेकर कोई उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। आपको नौकरी में ट्रांसफर मिलने से किसी दूसरी जगह जाना पड़ सकता है, लेकिन आपकी सेहत थोड़ा कमजोर रहेगी, जिस पर आपको ध्यान देना होगा।

**धनु** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने विरोधियों को भी आसानी से मात देने की कोशिश करेंगे। बिजनेस में आप योजनाओं में कुछ बदलाव करेंगे, जिससे आपकी आय में भी बेहतर रहेगी। आपको परिवार में किसी सदस्य की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी हो सकती हैं। आपको किसी से उधार का लेनदेन करने से बचना होगा।

**मकर** आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप अपने धन को लेकर यदि कोई निर्णय लेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी नए काम की शुरुआत करने की प्लानिंग कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे। आपको भविष्य को लेकर कोई निर्णय थोड़ा सोच समझकर लेना होगा। सामाजिक क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि उनके ऊपर काम का दवाब भी थोड़ा अधिक रहेगा। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपके मन में उलझनें बनी रहेंगी। आपको छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचना होगा और आप अपनी वाणी पर संयम रखें। वैवाहिक जीवन में आपसी सामंजस्य रहने से आपका मन काफी खुश रहेगा। ससुराल पक्ष से किसी व्यक्ति से आपको मिलने का मौका मिलेगा। सरकारी क्षेत्रों में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों की अपने साथी से बॉन्डिंग काफी अच्छी रहेगी।

**मीन** आज का दिन आपके लिए थोड़ा चुनौतीपूर्ण रहेगा। व्यवसाय में आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है और नौकरी में कार्यरत लोगों के शत्रु उनके पीठ पीछे चुगली लगाने की कोशिश करेंगे, जिससे उनके बॉस से रिश्ता भी खराब हो सकता है। यदि कोई पैतृक संपति को लेकर विवाद चल रहा था, उसमें फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। माता जी के स्वास्थ्य में कुछ गिरावट आने से भागदौड़ अधिक रहेगी और आपका खर्चा भी अधिक होगा। आपको आपका रुका हुआ धन मिलने से खुशी होगी।

## विश्व नेत्रदान दिवस

# नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है

**किशन सनमुखदास भावनानीं**



वैश्विक स्तरपर पृथ्वी पर विचलित 84 लाख योनियों की काया में यूं तो सभी अंग महत्वपूर्ण है,परंतु हर जीव की आंखें एक ऐसा कुदरत का दिया हुआ अनमोल गिफ्ट है, जिससे पूरी खूबसूरत दुनियाँ को सभी जीव देख सकते हैं, खास करके विशेष अद्भुत बुद्धिजीवी मानव योनि के लिए आंखें तो मानो एक खूबसूरत अद्भुत अंग है जिसके द्वारा वह जीते जी तो अपने परिवार साथियों सहित पूरी दुनियाँ को तो देख सकता है परंतु वह चाहे तो मृत्यु के बाद भी अपनी इन दोनों खूबसूरत आंखों से पूरी दुनियाँ को देख सकता है,बस फर्क केवल इतना है, अपना शरीर त्यागने के बाद वह दूसरे के शरीर से खूबसूरत दुनियाँ को देख सकता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 10 जून 2025 को विश्व नेत्रदान दिवस है, इसलिए हमें समझना होगा कि,आँखों और दृष्टि का हमारें जीवन में बहुत बड़ा महत्व है। यदि व्यक्ति के जीवन में दृष्टि न हो तो उसके जीने का कोई मतलब ही नहीं होता और उसे प्रत्येक कार्य के लिए दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे तो सभी आंखों के महत्व को समझते हैं और इसीलिए इसकी सुरक्षा भी सभी बड़े पैमाने पर करते हैं। हममें से कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के बारे में भी सोचते हैं।आंखें ना सिर्फ हमें रोशनी दे सकती हैं बल्कि हमारे मरने के बाद वह किसी और की जिंदगी में उजाला भी भर सकती हैं। लेकिन कुछ लोग अंधविश्वास के कारण, ऑय डोनेशन नहीं करते। उनका मानना हैं कि अगले जन्म में वे नेत्रहीन ना पैदा हो जाएं? इस अंधविश्वास की वजह से दुनियां के कई नेत्रहीन लोगों को जिंदगी भर अंधेरे में ही रहना पड़ता है। सभी लोगोंको इस बात को समझना होगा और नेत्रदान अवश्य करना चाहिए।हमारा एक सही फैसला लोगों के जिंदगी में उजाला ला सकता हैं।चूँकि नेत्रदान महादान है व नेत्रदान मर के भी जिंदा रहने का अनमोल वरदान है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ अपनी आंखें दान करने का संकल्प लेकर अपनी जिंदगी के बाद दूसरों की दुनियाँ रोशन करें, आत्मा की खिड़की रूपी आंखों को मृत्यु के बाद भी जीवित रखें।

साथियों बात अगर हम भारत में दृष्टिहीन या नेत्रहीन बांधवों का कॉर्नय प्रत्यर्पण कर 1 वर्ष में ही भारत को अंधत्व मुक्त भारत बनाने में सहयोग की करें तो, एक आंकड़े के अनुसार भारत में लगभग 1.25 करोड़ लोग दृष्टिहीन हैं, जिसमें करीब 30 लाख व्यक्ति नेत्र प्रत्यारोपण के माध्यम से नवदृष्टि प्राप्त कर सकते हैं, आकलन बताता है कि एक वर्ष में देश में जितने लोगों की मृत्यु होती है, अगर सभी के नेत्रों का दान हो जाए तो देश के सभी नेत्रहीन लोगों को एक ही साल में आंखें मिल जाएंगी, मगर लोग नेत्रदान करते नहीं हैं और कार्निया प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची लंबी होती जाती हैं,कोरोना काल में तो नेत्रदान की संख्या और कम हो गई थी,खतरा केवल यही नहीं है, अपनी लापरवाही के कारण दुनियाँ धीरे-धीरे अंधत्व की तरफ बढ़ रहीहै,विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार मोतियाबिंद और ग्लूकोमा के बाद कॉर्निया की बीमारियां (आंखों की अगली परत कार्नियाका क्षतिग्रस्त होना) आंखों की रोशनी जाने की प्रमुख वजहें हैं,अंधत्व की समस्या से गुजर रहे 92.9 पेर्सेंट लोगों को अंधा होने से बचाया जा सकता है,इसे प्रिवेंटेबल ब्लाइंडनेस यानी रोका जा सकने वाला अंधत्व भी कहा जाता है,लेकिन मानवीय आदतों,जरूरत होनेपर भी आंखों का चश्मा नहीं लगाना, मोतियाबिंद का ऑपरेशन नहीं करवाना और ग्लूकोमा की समय-समय पर जांच नहीं करवाने, कंप्यूटर और मोबाइल पर ज्यादा काम करने से अधिकांश लोगों की आंखों को नुकसान पहुंच रहा है, बदलती लाइफस्टाइल,अनियमितदिनचर्या प्रदूषण और बहुत ज्यादा स्ट्रेस होने की वजह से ज्यादातर लोग आंख से जुड़ी समस्याओं का शिकार होने लगे हैं,ऑन लाइन क्लासेस और कंप्यूटर का इस्तेमाल बढ़ने से बच्चों और युवाओं की आंखों में सूखेपन की समस्या बढ़ी है।आज देश के कई नेत्रहीनों को हमारी आंखें नई रोशनी दे सकती हैं,मगर इसके लिए सबसे पहले हमें जीवित रहते हुए अपनी आंखों और उनकी रोशनी का ध्यान रखना और मृत्यु उपरांत नेत्रदान करना जरूरी है, जिस तरह से हमारी दिनचर्या बिगड़ रही हैं, हमें अपनी आंखों की देखभाल करने के लिए कुछ कार्य जरूर करना चाहिए जैसे, अच्छी दृष्टि के लिए संतुलित आहार का सेवन करें, अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियों, अंडे, फलियों एवं गाजर को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें, आंखों की सुरक्षा के जतन करें, आंखों के बेहतर स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अपनी आंखों की नियमित जांच कराएं,यदि हम कंप्यूटर और मोबाइल पर लंबे समय तक काम करते हैं तो आंखों का सूखापन बढ़ सकता है।

साथियों बात अगर हम नेत्रदान की प्रक्रिया व पात्रता को समझने की करें तो,भारत में नेत्रदान की प्रक्रिया कैसे काम करती है?भारत में नेत्रदान की प्रक्रिया सरल है। (1) नेत्रदान की ओर पहला कदम किसी पंजीकृत नेत्र बैंक में नेत्रदान प्रतिज्ञा पत्र पर हस्ताक्षर करना है। (2) नेत्र बैंक द्वारा उपलब्ध कराए गए फॉर्म में अपनी सभी जानकारी भरें। (3) इसके बाद,और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने प्रियजनों को अपने निर्णय के बारे मेंसूचित करें ताकि वे जान सकें कि हमारी मृत्यु के बाद किसे फोन करना है (क्योंकि आंख निकालने की प्रक्रिया मृत्यु के लगभग तुरंत बाद होनी चाहिए)। (4) स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपनी आंखों की देखभाल करें ताकि दान के समय वे अच्छी स्थिति में हों। (5) यदि हमने नेत्रदान करने का संकल्प लिया है, तो सुनिश्चित करें कि हमारे प्रियजन मृत्यु के 6 घंटे के भीतर नेत्र बैंक को दान के लिए संपर्ककरें।उन्हेंनिम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करना होगाः(1) निकटतम नेत्र बैंक को कॉल करें। जितनी जल्दी हम कॉल करेंगे, उतना बेहतर होगा। (2) मृत व्यक्ति की दोनों आंखें बंद रखें तथा सूखने से बचाने के लिए नम रुई से ढक कर रखें। (3) हम शव को हवा से दूर बंद कमरे में रख सकते हैं, तथा सुनिश्चित कर सकते हैं कि पंखा बंद हो। (4) यदि संभव हो तो शरीर के ऊपरी आधे हिस्से को लगभग 6 इंच ऊपर उठाएं। (5) जब उपयुक्त कर्मचारी आएं,तो उन्हें आंखें निकालने में 20 मिनट से ज़्यादा समय नहीं लेनाचाहिए। वे यह भी सुनिश्चित करते हैं कि आंख निकालने के कोई भी निशान न रह जाएं।नेत्रदान के लिए कौन पात्र है? सभी उम्र और लिंग के लोग नेत्रदान के लिए पात्र हैं। यहां तक कि मायोपिया और हाइपरोपिया जैसी अपवर्तक त्रुटियों वाले लोग या मोतियाबिंद की सर्जरी करवाने वाले लोग, उच्च रक्तचाप जैसी अन्य समस्याओं वाले लोग भी अपनी आंखें दान कर सकते हैं। कौन अपनी आंखें दान नहीं कर सकता?जिन लोगों को संक्रामक रोग हैं,वेअपनी आंखें दान नहीं कर सकते। नेत्र बैंक के कर्मचारी ऐसी आंखों का उपयोग करने से पहले इन बीमारियों की जांच करते हैं। ये कर सकते हैं नेत्रदान,अधिकतर मामलों में हर कोई नेत्रदान कर सकता है,इसमें ब्लड ग्रुप, आंखों के रंग, आई साइट, साइज, उम्र, लिंग आदि से कोई फर्क नहीं पड़ता है, डोनर की उम्र, लिंग, ब्लड ग्रुप को कॉर्नियल टीश्यू लेने वाले व्यक्ति से मैच करने की कोई आवश्यकता नहीं होती है,जिन रोगियों ने मोतियाबिंद, काला पानी या अन्य आंखों का ऑपरेशन करवाया है, वे भी नेत्रदान कर सकते हैं, नजर का चश्मा पहनने वाले, मधुमेह, अस्थमा, उच्च रक्तचाप और अन्य शारीरिक विकारों जैसे सांस फूलना, हृदय रोग, क्षय रोग आदि के रोगी भी नेत्रदान कर सकते हैं। कौन नहीं कर सकता नेत्रदान-कई सारे गंभीर रोगों से पीड़ित व्यक्ति नेत्रदान नहीं कर सकते हैं,जैसे एड्स, हैपेटैटिस, पीलिया, ब्लड केन्सर, रेबीज (कुत्ते का काटा), सेप्टीसिमिया, गैंगरीन, ब्रेन टयूमर, आंख के आगे की काली पुतली (कार्निया) की खराबी हो, जहर आदि से मृत्यु हुई हो या इसी प्रकार के दूसरे संक्रामक रोग हों, तो इन्हें नेत्रदान की मनाही होती है-नेत्रदान करने की सावधानी (1) परिवार वालों को जितना जल्दी हो सके नेत्रदान की प्रक्रिया पूरी करवानी चाहिए,आंखों को डोनेट के बाद जल्द से जल्द ट्रांसप्लांट कर दिया जाता है। (2) यदि समय लगता है तो कॉर्निया को कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है जहां से 7 दिनों के अंदर उसका इस्तेमाल कर लिया जाता है।(3) नेत्रदान सरल और आसान प्रक्रिया है, इसमें महज 10 से 15 मिनट का समय लगता है।(4) मृत्यु के बाद नेत्रदान करने के लिए डोनर के परिवार की ओर से आईबैंक में जाकर फॉर्म भरा जाता है। (5) फॉर्म भरने के बाद पंजीकरण किया जाता है,उसके बाद कार्ड भराजाता है।(6) ये पंजीकरण आप मृत्यु से पहले भी करवा सकते हैं ताकि मृत्यु के बाद आपकी आंखों को दान किया जा सके। (7) डोनर के परिवार वालों के निकटतम आईबैंक में टीम को सूचित करना होता है इसके बाद टीम कॉर्निया निकालने की प्रक्रिया पूरी करती है। (8) मृत्यु के बाद आंखों को निकालने से चेहरे पर कोई निशान नहीं बनता है। गुप्त रखी जाती है जानकारी-(1)कोई भी व्यक्ति आई डोनर तभी हो सकता है, जब उसकी मृत्यु हो गई हो यानी नेत्रदान केवल मृत्यु के बाद ही किया जाता है।(2) नेत्रदान के लिए उम्र की कोई सीमा तय नहीं होती, कोई भी व्यक्ति नेत्रदान कर सकता है। (3) नेत्रदान करने वाले डोनर और जिस मरीज को आंखें दी जा रही हैं, उन दोनों की जानकारी गुप्त रखी जाती है।(4) मृत्यु के बाद परिवार का कोई भी सदस्य नेत्रदान कर सकता है।(5) नेत्रदान में किसी भी परिवार को न तो भुगतान करना होगा और न ही उन्हें इसके बदले में कोई पैसे मिलेंगे। साथियों बात अगर हम नेत्रदान के प्रति भारतीय समाज में भ्रांति की करें तो,इंडियन जर्नल ऑफ ऑप्थेल्मोलॉजी में प्रकाशित अध्ययन बताता है कि भारत में नेत्रदान न करने के पीछे कोई सांस्कृतिक या धार्मिक कारण नहीं हैं, बल्कि गलत सूचना और दान किए गए ऊतक के उचित उपयोग न होने के कारण अधिक हैं, नेत्रदान को लेकर कई सारे मिथक हैं जिन्हें तोड़ने की जरूरत है. कई लोग मानते हैं कि नेत्रदान करने से अगले जन्म में नेत्रहीन पैदा होंगे, धर्म नेत्रदान की अनुमति नहीं देता है, नेत्रदान से शरीर विकृत हो जाता है.

## चर्चित मुद्दा

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

# रिश्तों के लाश पर खड़ा आधुनिक प्रेम



रिश्ते, भ्रम और हत्या इंदौर के राजा की मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या, उस की नवविवाहिता पत्नी द्वारा प्रेमी संग मिलकर की गई निर्मम साजिश, आधुनिक प्रेम की भयावह हकीकत बन गई। यह घटना न केवल व्यक्तिगत विश्वासघात है, बल्कि सामाजिक मूल्यों, भावनात्मक अपरिपक्वता और विवाह संस्थान की खोखली होती जा रही नींव का संकेत है। सनसनी के बजाय संवेदना ज़रूरी है। यह हत्याकांड रिश्तों की शिक्षा, संवाद और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर विमर्श की माँग करता है। यह सिर्फ एक हत्या नहीं, समाज के गिरते रिश्तों का आईना है। इंदौर के राजा और मेघालय की सोनम के हनीमून पर हुई हत्या की घटना न केवल व्यक्तिगत त्रासदी है, बल्कि सामाजिक, नैतिक और मानसिक स्तर पर गहरी चिंता पैदा करती है। यह अपराध आधुनिक प्रेम और विवाह संबंधों में फैलते अविश्वास और स्वार्थ की भयावह तस्वीर पेश करता है। साथ ही, मेघालय जैसे पर्यटन स्थलों की छवि भी प्रभावित होती है। ऐसी घटनाएँ भावनात्मक शिक्षा, रिश्तों में पारदर्शिता और समाज के नैतिक मूल्यों की पुनर्समीक्षा की मांग करती हैं। भारत के सामाजिक परिदृश्य में प्रेम, विवाह और रिश्तों को पवित्र बंधन माना जाता रहा है। लेकिन जब हनीमून जैसी कोमल, सुंदर और विश्वास से भरी यात्रा हत्या का मंच बन जाए, तो यह सिर्फ एक अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की अंतरात्मा पर चोट करता है। इंदौर के राजा और मेघालय की सोनम का हनीमून मर्डर केस केवल एक युवक की जान नहीं ले गया, उसने नॉर्थ ईस्ट की छवि को भी कलंकित किया, टूरिज्म सेक्टर पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए और सबसे बड़ी बात – विश्वास की नींव पर टिके रिश्तों को ध्वस्त कर दिया। इंदौर निवासी युवक राजा की शादी हाल ही में सोनम नामक युवती से हुई। नवविवाहित जोड़ा हनीमून मनाने मेघालय पहुंचा। वहाँ की खूबसूरत वादियों, शांत झीलों और पहाड़ी रास्तों के बीच ऐसा कुछ हुआ जिसकी कल्पना कोई नहीं कर सकता था। हनीमून के बहाने सोनम ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर अपने पति की हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम भी दे डाला। शुरुआत में राजा का गायब होना एक दुर्घटना माना गया। लेकिन जब पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई, मोबाइल लोकेशन, चैट्स, बैंक ट्रांजैक्शन और सीसीटीवी फुटेज सामने आए, तब जाकर पूरी साजिश बेनकाब हुई।

सवाल यह है कि एक नवविवाहिता ऐसा क्यों करती है? जवाब आसान नहीं है, पर चिंतन जरूरी है। यह मामला केवल व्यक्तिगत धोखा नहीं, समाज की उस बनती मानसिकता का भी परिणाम है, जिसमें रिश्तों में धैर्य, संवाद और समर्पण की जगह जल्दबाजी, लालच और अवसरवाद ने ले ली है। सोनम पहले से एक अन्य युवक से प्रेम करती थी, और राजा से विवाह सिर्फ परिवार या आर्थिक मजबूरियों के चलते हुआ। लेकिन विवाह के बाद भी उसने उस प्रेमी को छोड़ा नहीं, बल्कि पति को रास्ते से हटाने की योजना बना डाली। आज के दौर में रिश्तों की शुरुआत इंस्टाग्राम और स्नैपचैट से होती है, और अंत क्राइम पेट्रोल या पुलिस स्टेशन पर। भावनात्मक गहराई, एक-दूसरे को समझने का समय और परख की प्रक्रिया लगभग न के बराबर रह गई है। विवाह को लेकर जिस जल्दबाजी और सामाजिक दबाव की संस्कृति बन गई है, उसमें युवक-युवती को खुद की इच्छाओं और संबंधों को समझने का समय ही नहीं मिलता। भावनात्मक अपरिपक्वता, आत्मकेंद्रित निर्णय और रिश्तों के प्रति गैर-जिम्मेदारी, इन सबका सम्मिलन इस हत्याकांड जैसी घटनाओं को जन्म देता है।



यह घटना मेघालय के खूबसूरत पर्यटन स्थलों जैसे शिलॉंग, चेरापूंजी, डावकी, उमगोट नदी आदि की छवि पर भी असर डाल गई। सोशल मीडिया पर कुछ यूजर्स ने इसे "मेघालय हनीमून मर्डर केस" कहना शुरू कर दिया, जिससे नॉर्थ ईस्ट राज्यों के प्रति अनावश्यक संदेह और डर का वातावरण बन रहा है। लेकिन प्रश्न यह हैः क्या एक महिला की निजी आपराधिक साजिश पूरे क्षेत्र को बदनाम कर सकती है? उत्तर है – नहीं। यह वही मानसिकता है जो किसी मुस्लिम अपराधी को देख पूरे धर्म पर टिप्पणी कर देती है, या किसी एक दलित व्यक्ति के कारण पूरी जाति को दोषी ठहराती है। यह सोच भी उतनी ही खतरनाक है जितनी खुद वह घटना। शादी अब समझौता नहीं, सौदा बन रही है। प्रेम अब समर्पण नहीं, स्वार्थ बन गया है। और भरोसा अब भावना नहीं, बिजनेस जैसा व्यवहार हो गया है। जिस तरह से सोनम ने योजनाबद्ध तरीके से पति की हत्या की, वह दिखाता है कि क्रूरता अब हथियार से नहीं, रिश्तों के माध्यम से भी हो रही है। मीडिया ने इस घटना को सनसनीखेज ढंग से दिखाया। शीर्षक आए – "हनीमून बना हत्याकांड का अड्डा" "बेवफा बीवी की खूनी प्लानिंग" "राजा गया, सोनम हँसी" लेकिन इन सुर्खियों के पीछे की वास्तविक पीड़ा, राजा के माता-पिता का दुःख, और समाज में बनती विडंबनाओं की चर्चा लगभग नदारद रही। सोशल मीडिया पर भी मामला जल्दी ही मेमे और चुटकुलों का विषय बन गया – "पूरा नॉर्थ ईस्ट सोनम की बेवफाई से बदनाम हो गया।" "हनीमून पर जाने से पहले पुलिस वेरिफिकेशन जरूरी कर लो।" यह हास्य के नाम पर एक मानवीय त्रासदी का उपहास है। कुछ लोग कह सकते हैं कि यह एक अलग-थलग मामला है। लेकिन सच यह है कि ऐसे रिश्ते-जनित अपराध बढ़ रहे हैं। कहीं पति पत्नी को दहेज के लिए मार रहा है। कहीं पत्नी प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या कर रही है। कहीं दोनों मिलकर बच्चों को मार डालते हैं। यह सब संकेत हैं – कि हमारा समाज कहीं न कहीं भावनात्मक पतन, सामाजिक अस्थिरता और नैतिक विघटन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में अब सवाल समाधान का है।

स्कूलों और कॉलेजों में सिर्फ करियर या डिग्री की बात न हो, बल्कि भावनात्मक बुद्धिमत्ता (emotional intelligence), रिश्तों की समझ, संवाद की कला और वैवाहिक जीवन की जिम्मेदारियों की चर्चा हो। जैसे स्वास्थ्य चेकअप होता है, वैसे ही शादी से पहले मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग अनिवार्य हो। सोशल मीडिया को ऐसी घटनाओं को सनसनी नहीं, संवेदना के साथ पेश करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। परिवारों को संवादशील बनना होगा, ताकि युवा खुलकर अपनी उलझनों को साझा कर सकें। जब एक युवती अपने पति की हत्या करती है, तो हम उसे "डायन", "खूनी", "बेवफा" कह देते हैं – और सही भी है, अगर वह दोषी है। लेकिन क्या हमने कभी उन हज़ारों बेटियों की सुध ली जो दहेज, बलात्कार, या मारपीट में मर जाती हैं? क्या हम अपराध को सिर्फ लिंग के आधार पर देखेंगे या सिद्धांतों और संवेदनाओं के आधार पर? राजा की हत्या कोई फिल्मी सस्पेंस नहीं, यह हकीकत है। एक मां का बेटा गया, एक बहन का भाई और एक परिवार की खुशियाँ छिन गईं। वहीं दूसरी ओर – एक राज्य बदनाम हो गया, और पूरे पर्यटन क्षेत्र पर प्रश्नचिन्ह लग गया। हम इस घटना को केवल एक अपराध के रूप में न देखें, बल्कि एक सामाजिक चेतावनी के रूप में लें। यह हमें बताती है कि अब वक्''त आ गया है – जब हमें केवल रिश्ते जोड़ने की नहीं, उन्हें निभाने की शिक्षा भी देनी होगी।

## सेहत

# स्वस्थ त्वचा के लिए आलू का इस्तेमाल कर सकते हैं आप

आलू एक ऐसी सब्जी है, जो हर रसोई में मिलती है। आमतौर पर इसका इस्तेमाल खाने में किया जाता है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि आलू आपकी त्वचा के लिए भी बहुत फायदेमंद हो सकता है?आलू में विटामिन-सी, विटामिन-बी6, पोटेशियम और अन्य पोषक तत्व होते हैं, जो त्वचा को निखारने और स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।आइए जानते हैं कि आलू को किन-किन तरीकों से अपनी त्वचा पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

**त्वचा की सफाई के लिए करें इस्तेमाल**-आलू में मौजूद खास तत्व त्वचा की गंदगी और अशुद्धियों को दूर करने में मदद करते हैं। एक आलू को कदूकस कर उसका रस निकाल लें, फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं और 10-15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा धो लें। यह तरीका आपकी त्वचा को ताजगी देगा और उसे साफ रखेगा। नियमित रूप से इसका उपयोग करने पर आपकी त्वचा की चमक भी बढ़ेगी।

**दाग-धब्बों को हल्का करने में है सहायक**-आलू में मौजूद गुण दाग-धब्बों को हल्का करने में मदद करते हैं।

आलू के टुकड़ों को प्रभावित जगह पर रगड़ें या उसका पेस्ट बनाकर लगाएं और 20 मिनट बाद धो लें। इससे धीरे-धीरे दाग-धब्बे कम होंगे और त्वचा की रंगत भी निखरेगी। इस प्रक्रिया को नियमित रूप से अपनाने पर आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे और आपकी त्वचा साफ-सुथरी दिखेगी। यह उपाय खासकर उन लोगों के लिए फायदेमंद है, जो मुंहासों के निशान से परेशान हैं।

**झुर्रियों को कम करने में है प्रभावी**-आलू में मौजूद विटामिन-सी त्वचा को कोमल बनाने और झुर्रियों को कम करने में मदद करता है। एक आलू उबालकर उसका पेस्ट बना लें, फिर उसमें थोड़ा नींबू का रस मिलाएं और इसे अपने चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इस प्रक्रिया को हफ्ते में दो बार दोहराएं ताकि बेहतर परिणाम मिल सकें। इससे आपकी त्वचा मुलायम और चिकनी बनेगी, जिससे झुर्रियां कम होंगी और चेहरा निखरेगा।

**धूप से जलन में राहत दिलाने में है कारगर**-गर्मी के मौसम में धूप में अधिक समय बिताने से त्वचा जल जाती है और लाल हो जाती है। आलू ठंडक प्रदान करता है और जलन को कम करता है। लाभ के लिए कच्चे आलू के टुकड़ों को प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं या उसका रस निकालकर लगाएं।

## सू-दोकू 75

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.074 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

## एक नजर

### स्वास्थ्य मंत्री ने निर्माणाधीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय तेलगरा का किया निरीक्षण



**कांकेर, 10 जून ।** प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा एवं बीस सूत्रीय कार्यान्वयन विभाग मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज जिले के प्रवास के दौरान चारामा स्वास्थ केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्त्री रोग विशेषज्ञ को चारामा और भानुप्रतापपुर में तीन तीन दिन सेवाएं देने हेतु निर्देशित किया। साथ ही एमएमयू के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में सतत् स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के निर्देश भी दिए। इसके बाद स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने तेलगरा स्थित निर्माणाधीन श्रीमती इंदिरा गांधी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की तथा विभिन्न भवनों व सुविधाओं का स्थल पर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज बिल्डिंग, प्रशासनिक भवन, लेक्चर हॉल, लाइब्रेरी, इंडोर स्पोर्ट्स फैसिलिटी, बॉयज व गर्ल्स हॉस्टल, मेल एवं फीमेल के इंटर्न आवास, सेंट्रल डाइनिंग व किचन, गेस्ट हाउस, शॉपिंग आर्केड, डायरेक्टर व सुपरिटेंडेंट रेसिडेंस, टाइप डीई और एफ क्वार्टर, खेल मैदान, सबस्टेशन, पंप रूम और एसटीपी का अवलोकन किया।

जायसवाल ने परिसर में कार्यरत श्रमिकों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए परिसर में सुनियोजित वॉटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर में छायादार वृक्षारोपण हेतु कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर को आवश्यक निर्देश दिए। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कर लिए जाएं। इस दौरान निर्माण एजेंसी ने जानकारी देते हुए बताया कि मेडिकल कॉलेज 35 एकड़ में फैला हुआ है तथा आगे भविष्य में 45 एकड़ में अस्पताल का निर्माण होगा, जिसमें कॉलेज में सभी ईयर के कुल 500 बच्चे पढ़ाई कर पाएंगे इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव श्री अमित कुमार कटारिया, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा श्रीमती शिखा राजपूत तिवारी, सांसद श्री भोजराज नाग, कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम, मछुआ कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री भरत मटियारा, हस्तशिल्प बोर्ड अध्यक्ष श्रीमती शालिनी राजपूत एवं अधिष्ठाता डॉ. खान, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया, अस्पताल अधीक्षक डॉ. विमलचंद भगत, उपसंचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. महेंद्र सिंह, एसडीएम चारामा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने ली कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी रेशम एवं मत्स्य विभाग की संयुक्त बैठक

**दंतेवाड़ा,10 जून ।** संयुक्त जिला कार्यालय भवन के डंकिनी सभाकक्ष में आज कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, रेशम एवं मत्स्य विभाग की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से हरेक पात्र व्यक्ति को लाभान्वित करने और नियद नेल्लानार ग्राम को एक आदर्श ग्राम के रूप में विकसित करन पर जोर देना है।विकसित कृषि संकल्प अभियान की गहन समीक्षा-कलेक्टर श्री दुदावत ने 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत चल रही गतिविधियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक कृषक को किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, एग्री स्टेक, जैविक खेती हेतु क्षेत्र प्रमाणीकरण, जैविक किसान खेत पाठशाला, कतार रोपा (श्री विधि), एवं बीज उत्पादन कार्यक्रम से लाभान्वित किया जाए। उन्होंने खरीफ 2025 के लिए क्षेत्राच्छादन, बीज उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण कार्य को भी पूर्ण दक्षता के साथ शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।पशुपालन विभाग को कृत्रिम गर्भाधान व टीकाकरण में तेजी लाने के निर्देश बैठक में पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले में पशुओं के टीकाकरण की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि इस कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा देने के लिए पशु सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।उद्यानिकी क्षेत्र में उन्नत बीज एवं प्रशिक्षण को बढ़ावा कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए समेकित और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए।

# मानिकपुरी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ ने किया मेधावी बच्चों का सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**जगदलपुर, 10 जून।** शासकीय अधिकारी कर्मचारी मानिकपुरी पनका पनिका समाज प्रकोष्ठ संभाग बस्तर के तत्वाधान में कांकेर के बाबा रामदेव मंदिर भवन में भव्य प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा में टॉपर बच्चों सहित तीस से अधिक मेधावी बच्चों तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम तुलादास मानिकपुरी प्रदेश समन्वयक के मार्गदर्शन में संभागीय समन्वयक संतोष दास मानिकपुरी के अगुवाई में गुरु दास मानिकपुरी एवं जिला समन्वयक बस्तर संभाग के प्रयास से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सम्मानित होने वालो में अखिल सेन बारहवीं स्टेट टॉपर, कु.इशिता बाला दसवीं स्टेट टॉपर सहित मेधावी बच्चों जिनमें कृष्णा दास कुलदीप, मोहित कुमार बंछोर, चिंटू दास, लोकेश दास मानिकपुरी, भूमिका महंत,साधना मानिकपुरी, झरना मानिकपुरी आदित्य मानिकपुरी, नंदकिशोर मानिकपुरी,नमन मानिकपुरी, योगेश्वर, याचना मानिकपुरी,रितेश दास, रोहिणी, गिरिराज, रवि किरणों, धानवी मानिकपुरी, कार्यालय दास, धान्यश्री मानिकपुरी सहित अंशु भास्कर, ममता भास्कर व अंजलि भास्कर को भी एक प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह् और गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संतोष दास मानिकपुरी जो कि साइबर में पीएचडी अमेरिका से कर चुके हैं उन्हें भी सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि टी.आर.साहू पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी, अध्यक्षता तुलादास मानिकपुरी प्रदेश समन्वयक, विशिष्ट अतिथि पंकज श्रीवास्तव एपीसी, देखकर भास्कर बीआरसी, डॉ कृष्ण दास मानिकपुरी प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय समन्वयक महिला प्रकोष्ठ बस्तर संभाग श्रीमती पुष्पा देवी रहीं। अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए तुलादास मानिकपुरी ने कहा कि शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण इसके लिए हमें बच्चों को ज्यादा से ज्यादा प्रोत्साहित करना चाहिए।बच्चों के बीच स्वस्थ प्रतियोगिता का माहौल देकर उन्हें बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी श्री साहू ने कहा कि शिक्षा समाज के लिए बच्चों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बस्तर संभाग के सभी समाज के बच्चों को बुलाकर मानिकपुरी पनका पनिका समाज प्रकोष्ठ संभाग बस्तर के द्वारा सम्मानित किया इसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन संतोष दास मानिकपुरी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंचरत्न प्रकाश मानिकपुर, काशीनाथ कोषाध्यक्ष येमन दास,,यतींद्र दास, सरादु दास, अभिषेक मानिकपुरी, विवेक दास मानिकपुरी, महंत अशोक दास मानिकपुरी, श्रीमती पद्मा बंछोर, श्रीमती हेमलता मानिकपुरी सहित भारी संख्या में बच्चे, महिला, पालक एवं सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# नपा अध्यक्ष ने युवाओं के लिए कोचिंग भवन उपलब्ध कराने पत्र सौंपा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**किरन्दुल, 10 जून।** किरंदुल नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह ने NMDC किरंदुल कॉम्प्लेक्स के महाप्रबंधक ( C G M ) श्री संजीव साही को एक औपचारिक पत्र सौंपकर और अभ्यर्थियों के कोचिंग हेतु प्रशिक्षण भवन उपलब्ध कराने की मांग की है।इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री बबलू सिद्दीकी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री शशि भूषण महापात्र, पार्षद श्री के. साजी, श्री राजकुमार सोनी, श्रीमती यशोदा चुन्नम एवं श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर भी उपस्थित रहे।पत्र के माध्यम से परिषद ने एनएमडीई से अनुरोध किया कि क्षेत्र के युवाओं के कौशल विकास और भविष्य निर्माण के लिए एक उपयुक्त प्रशिक्षण केंद्र या भवन की व्यवस्था की जाए। अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र ने कहा कि ÷इस प्रकार की सुविधा युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करेगी और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता दिलाने में मदद करेगी। यह पहल स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगी।ज्ञात हो कि NMDC द्वारा समय-समय पर क्षेत्रीय विकास और सामाजिक दायित्वों के तहत कई जनकल्याणकारी कार्य किए जाते रहे हैं। इसीलिए परिषद को उम्मीद है कि NMDC इस अनुरोध को गंभीरता से लेकर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेगा।इसी बैठक के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण चर्चा में अध्यक्ष श्रीमती शैलेन्द्र एवं उपाध्यक्ष श्री सिद्दीकी ने घड़ी चौक से लेकर CISF चेक पोस्ट तक स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का प्रस्ताव भी रखा। इस प्रस्ताव को CGM श्री संजीव साही ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान में लिया।सभी चर्चाएं सकारात्मक वातावरण में हुईं और पूर्णतः सहमति आधारित रहीं। यह पहल किरंदुल नगर में शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रभावशाली कदम के रूप में देखी जा रही है।

### नवोदय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक

**सुकमा, 10 जून ।** नगर के पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय कुम्हाररस सुकमा छत्तीसगढ़ में सत्र 2026 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। आवेदन की अंतिम तिथि आगामी 29 जुलाई है। प्रवेश परीक्षा से संबन्धित जानकारी एवं ऑनलाइन फॉर्म भरने हेतु वेबसाइट https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/ पर जा कर आवेदन कर सकते हैं। जिले के सुकमा एवं छिंदगढ़ विकासखंडों में आने वाले समस्त शासकीय तथा मान्यता प्राप्त अशासकीय प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 13 दिसंबर को पूर्वाहन में जिले के दोनों प्रखंडों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। सुकमा जिले में नक्सली हमले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव गिरपुंजे की शहादत पर उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने किया शोक व्यक्त

### नक्सलियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी :उपमुख्यमंत्री

**सुकमा, 10 जून ।** उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री श्री विजय शर्मा ने सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी (IED) के विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) श्री आकाश राव गिरपुंजे की शहादत पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि श्री आकाश राव गिरपुंजे एक निष्ठावान, साहसी और कर्तव्यपरायण अधिकारी थे, जिन्होंने बस्तर के जंगलों में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी जान की परवाह किए बिना सेवाएं दीं। उनकी वीरगति को मेरा और पूरे छत्तीसगढ़वासियों की ओर से कोटि-कोटि नमनज

### शहीद 'एडिशनल एसपी' को भावभीनी श्रद्धांजलि

**सुकमा, 10 जून ।**आज नक्सलियों के कायरतापूर्ण और जघन्य षड्यंत्र का शिकार होकर, प्रेशर बम की चपेट में आकर उन्होंने अपने



अदम्य साहस का परिचय देते हुए , अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका यह बलिदान सिर्फ उनके परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र की अपूरणीय क्षति है। उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा हमें सदैव प्रेरित करती रहेगी।हम इस दुःखद घटना में घायल हुए सभी वीर पदाधिकारियों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की हृदय से कामना करते हैं। देश आपके इस महान त्याग और बलिदान को कभी नहीं भूलेगा। आपका शौर्य और समर्पण हमारी स्मृतियों में हमेशा अमर रहेगा।

### जिले में धरती आबा शिविर, योग दिवस एवं शाला प्रवेशोत्सव के लिए तैयारी सुनिश्चित करें:कलेक्टर

**दंतेवाड़ा, 10 जून ।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में विभिन्न योजनाओं, अभियानों और कार्यक्रमों की तैयारियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले में धरती आबा शिविर, योग दिवस सहित शाला प्रवेशोत्सव के बेहतर आयोजन हेतु तैयारी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।15 से 30 जून तक जिले में होंगे 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' शिविरकलेक्टर ने बैठक की शुरुआत में बताया कि केंद्र शासन द्वारा प्रारंभ 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत जिले के चारों विकासखण्डों की प्रत्येक पंचायत में 15 से 30 जून 2025 तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य जनजातीय ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं जैसे सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना है।

# एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने किया पौधारोपण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 10 जून।**भारतीय रेडक्रास सोसायटी के पर्यावरण उपसमिति द्वारा महारानी अस्पताल परिसर के शासकीय नर्सिंग कालेज प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने पोधरोपण किया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में शासकीय नर्सिंग कॉलेज में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने आम के पोंधे का रोपण किया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव ने कहा कि आज वर्तमान में हम सभी को मिलकर पर्यावरण का संरक्षण करना आवश्यक है। पर्यावरण को संतुलित करने में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। श्री देव ने कहा एक पेड़ मां के नाम में सभी से अपील है कि सभी एक पेड़ अवश्य लगाएं और उस पेड़ का संरक्षण करे । पर्यावरण दिवस पर लगातार पौधारोपण का कार्यक्रम चलाया जाएगा । विश्व आज वर्तमान में ग्लोबल वार्मिंग का दंश झेल रहा है । जिसके लिए हम सभी को पर्यावरण को संतुलित रखना है । जिसके लिए हमें पौधे लगाना आवश्यक है । हमारे जीवन में पर्यावरण एक महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस दौरान सीएमओएचओ श्री बसाक, अध्यक्ष विद्युशेखर झा, डॉ प्रदीप पांडे डॉ सरिता थॉमस, यशवर्धन राव, आरेंयद्र आर्य, संपत झा,रतन व्यास रोशन झा, वाय एन कुकड़े , कोटेश्वर राव, श्रीमती अंजू झा, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य, एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे । वही वन विभाग द्वारा शहर का प्रताप देव वार्ड में भी एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक श्री किरण देव के द्वारा पौधारोपण किया गया। ? इस कार्यक्रम में वार्ड पार्षद श्रीमती उमा मिश्रा, डीएफओ उत्तम गुप्ता, रेंज ऑफिसर देवेंद्र वर्मा,अवधेश शुक्ला ,किशोर पारेख, आशुतोष पांडे, आरेंद्र आर्य, संपत झा, डॉ प्रदीप पांडे, श्रीपाल जैन, किशोर महावर, शिरीष मिश्रा, एवं वार्ड वासी उपस्थित थे ।

### दंतेवाड़ा में ऑयल पॉम मेगा प्लांटेशन का शुभारंभ
### एक माह तक चलेगा विशेष पौधरोपण अभियान

**दंतेवाड़ा, 10 जून ।** उद्यान विभाग दंतेवाड़ा द्वारा केंद्र शासन की महत्वपूर्ण योजना ऑयल पॉम पौध रोपण के अंतर्गत मेगा प्लांटेशन कार्यक्रम की शुरुआत आज विकासखण्ड कुआकोंडा के ग्राम पंचायत गढ़मिरी से की गई। यह विशेष पौधरोपण अभियान 09 जून से 09 जुलाई 2025 तक जिले के विभिन्न विकासखण्डों में चयनित कृषकों के खेतों में चलाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषक श्री मदन कुमार के खेत (2.45 हेक्टेयर) से हुआ, जिसके साथ कृषक श्री जोगा, सोना, श्री पोदिया, माटा एवं अन्य 6 कृषकों के खेतों में कुल 9.53 हेक्टेयर भूमि पर ऑयल पॉम का पौधरोपण किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सुकालू मुड़ामी, जनपद सदस्य श्रीमती मनीषा पवन कोर्राम, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुआकोंडा र एवं अनेक कृषक बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में ऑयल पॉम उत्पादन को बढ़ावा देना ।

# प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवासों को कार्ययोजना बनाकर बारिश से पहले करें पूर्ण:प्रभारी कलेक्टर

**जगदलपुर 10 जून।** प्रभारी कलेक्टर श्री प्रतीक जैन ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति के लिए कार्ययोजना बनाकर स्लैब स्तर के मकानों को बारिश से पहले पूर्ण करवाएं। कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत श्री प्रतीक जैन ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में आगामी 02 अक्टूबर से प्रारंभ हो रही धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की तैयारियों के संबंध में चर्चा किया गया। साथ ही शासन द्वारा जारी स्थानातंरण नीति के संबंध भी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में बाढ़-आपदा प्रबंधन के लिए जिला स्तरीय समिति की बैठक कर विभिन्न विभागों को दायित्व दिया गया और ब्लॉक स्तरीय समिति की जल्द बैठक करने के निर्देश दिए।

सीईओ जिला पंचायत श्री जैन ने नियद नेल्लानार योजना के तहत ग्राम के सभी घरों का विद्युतीकरण करवाने, उज्ज्वला योजना की एंट्री पात्र-अलाभान्वित की जानकारी को अद्यतन रखने तथा हर घर नल जल योजना के जानकारी को अपडेट करवाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में विभागीय योजनाओं के समीक्षा के दौरान स्वच्छ भारत मिशन के कार्य, स्व-सहायता समुहों के दीदियों को आर्थिक सहायता देने के लिए जनपद स्तर पर कार्यवाही की समीक्षा की गई। मनरेगा के तहत विकास कार्यों, जिला खनिज न्यास निधि के अपूर्ण कार्यों सहित मुख्यमंत्री अद्योसंरचना संरचना एवं उन्नयन प्राधिकरण योजना अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, अद्योसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि अंतर्गत के कार्यो की समीक्षा की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री सम्मान निधि के लिए किसानों का पंजीयन शत-प्रतिशत करने पर जोर दिया। आकाशीय बिजली से होने वाली दुर्घटना एवं बचाव का ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करवाने कहा।बैठक में सीईओ ने जनपद पंचायत एवं नगरीय निकायों में सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित पेंशन योजनाओं में 60 प्लस का सर्वे की पात्र-अपात्र आवेदनों, खाद्य विभाग के खाद्यान्न भण्डारण की स्थिति की समीक्षा की गई साथ ही चावल का भण्डारण समय पर करवाएं, जहां ज्यादा आवश्यकता है उसकी कार्ययोजना बनाकर भण्डारण करवाना सुनिश्चित करें।

खरीफ वर्ष 2025-26 किसान क्रेडिट कार्ड लक्ष्य पूर्ति पर कार्यवाही पर चर्चा किए। साथ ही उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, कृषक परिवारों एवं वनाधिकार पट्टाधारी कृषकों को नवीन केसीसी जारी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा बचे हुए हितग्राही स्थलों पर सप्ताह में एक दिन कार्ड बनाने का आयोजन करें। उन्होंने आयुष्मान कार्ड व वय वंदना कार्ड का डोर टू डोर के आधार पर कव्हरेज सुनिश्चित किया जाए।

नक्सल पीड़ितों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने की पहल के तहत उनके राशन कार्ड, बैंक खाता, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड प्राथमिकता से जारी किया जाए। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत कार्यो देवगुड़ी निर्माण कार्यों की अपूर्ण स्वीकृत हितग्राहीमूलक कार्यों की और जल-जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा किए। इसके साथ ही शासन से प्राप्त निर्देश और समय-सीमा के प्रकरणों पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, ऋषिकेश तिवारी सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# मिथिला समाज के सदस्यों ने बस्तर सांसद से भेंट कर रेल लाइन की स्वीकृति पर दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर,10 जून।** केंद्र सरकार द्वारा बस्तरवासियों को दिये गए रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन की स्वीकृति हेतु आज मिथिला समाज बस्तर जिला के सदस्यों ने बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप से भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

मिथिला समाज के सदस्यों ने सांसद को उनके गृह निवास पहुँचकर पुष्प माला के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया है।

समाज के अध्यक्ष श्री अजय पाठक ने बताया कि बस्तरवासियो को मिले इस सौगात से जल्द ही बस्तरवासियों को ट्रेन के माध्यम से सरल व सुगम परिवहन कर रायपुर तक जाने की सुविधा मिलेगी। सांसद जी के इस ओर किये जा रहे कार्यो की हम मिथिला समाज के सदस्य सरहाना करते है।

समाज के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ सदस्य श्री बृजबिहारी झा ने कहा कि हम मिथिलांचल वासियो को बिहार जाने के लिए जगदलपुर से रायपुर तक कि दूरी बस में तय करने पड़ती थी ,जो कि बहुत ही कष्ट भरा सफर होता था,डबल इंजन सरकार ने रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन की नई स्वीकृति दे कर इस सफर को सुगम बनाने की ओर सेतु का कार्य किया है। मै समाज की ओर से डबल इंजन सरकार के सभी नेताओं का इस ओर कार्य करने हेतु उनको धन्यवाद ज्ञापित करता हु।

समाज के वरिष्ठ सदस्य श्री संपत झा ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा बस्तरवासियों के बहुप्रतीक्षित सपने को पूरा करते हुए रावघाट से जगदलपुर तक की रेल लाइन परियोजना के लिए साढ़े 3 हजार 513 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। 140 किमी लंबी इस रेलवे ट्रैक के पूर्ण होने से बस्तर के जिन हिस्सों के लिए रेल का सफर एक सपने के सामान था वह शीघ्र ही हकीकत में तब्दील होगी। इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूर्ण होने पर मिथिला समाज के सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार एवं बस्तर के सांसद श्री महेश कश्यप का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया गया है। बस्तर सांसद श्री महेश कश्यप ने मोदी सरकार द्वारा आमजनों के हितार्थ समस्त कार्यों को पूर्ण किये जाने की बात कही। श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ को भाजपा सरकार ने बनाया था अब उसे सवारने का काम भी भाजपा सरकार कर रही है। रावघाट - जगदलपुर रेल लाईन कार्य पूर्ण होने से जल्द ही अनेको ट्रेनों का संचालन भविष्य में बस्तर तक हो सकेगा ,जिसके माध्यम से बस्तर से देश के अनेको छोर तक बस्तरवासी आरामदायक सफर का अनुभव ले सकेंगे। बस्तरवासियो व आज मिथिला समाज के सदस्यों द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत एवं सम्मान अभिनंदन के लिए मैं हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। आप सभी का स्नेह, अपनत्व और शुभकामनाएं जनसेवा क्षेत्र में कार्य करने के लिए मुझे परिलक्षित करती हैं।इस दौरान श्री सूर्यकांत झा,श्री रामशंकर झा,श्री अरुण पाठक,श्री भोगेन्द्र राय,श्री विजय झा,श्री रूपेश झा,श्री देव कुमार झा,श्री विनय झा,श्री विवेकानंद झा,श्री बेचन झा,श्री शशि भूषण झा,श्री उमा झा,श्री इंद्रकुमार झा,श्री दिलीप झा,श्री विकास झा श्री मनोज ठाकुर श्री आनंद झा सहित मिथिला समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### शासकीय नवीन महाविद्यालय, गीदम में ``नशा मुक्ति जागरूकता'' कार्यक्रम आयोजित

**दंतेवाड़ा, 10 जून ।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के परिप्रेक्ष्य में शासकीय नवीन महाविद्यालय, गीदम में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा उन्हें इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस आयोजन में लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई। यह जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में नशे के प्रति सजगता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को विकसित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हुआ। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री संतोष टोप्पो, महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक श्री एस. के. माहला उपस्थित रहे।

### एनओएस के लिए 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 10 जून ।**आदिवासी विकास शाखा से जारी विज्ञप्ति अनुसार जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस योजना में विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

# पत्रकारों पर रेत माफिया के गुर्गों ने किया हमला

## हवाई फायरिंग कर मारने दौड़ाया



**राजिम, 10 जून।** राजिम माफिया पीड़ित गरियाबंद जिला के राजिम क्षेत्र के पितईबन्द गांव में अवैध रेत उत्खनन की जानकारी मिलने पर कवरेज करने गये पत्रकारों के साथ रेत माफिया के गुर्गों ने हमला कर मारपीट की, उन्हें धमकाया गया। हवाई फायरिंग की और तो और मोटरसाइकिल को भी नहीं छोड़ा तोड़फोड़ किया गया व जान बचाकर भागते हुए किसी तरह जिला प्रशासन के व्हाट्सएप ग्रुप में पत्रकार ईमरान ने लाइव आकर इसकी जानकारी दी। तब प्रशासन हरकत में आया और तुरंत राजिम पुलिस व राजिम तहसीलदार एसडीएम तुरंत पितईबंद घटना स्थल पहुंचे तब पीड़ित पत्रकारों ने राहत की सांस ली तो वही जिले के अन्य पत्रकारों के द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से त्वरित कार्यवाही की मांग की गई, वही पीड़ित पत्रकारो के द्वारा राजिम थाने में एफआईआर दर्ज कराई गईप्रार्थी नेमीचंद बंजारे एवं उनके साथी जितेन्द्र सिन्हा, शेख इमरान, थानेश्वर साहू,आदी चक्रधारी के साथ झगड़ा विवाद एवं मारपीट करने की सुचना प्राप्त होने पर आरोपियों के विरुद्ध ब्भ्रस् की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामले की गंभीरता को देखते हुये वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा थाना प्रभारी राजिम को आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी के संबंध में दिशा निर्देश दिया गया था।जिस पर रायपुर की तरफ भाग रहे चारों आरोपी उत्तम भारती पिता स्व. आशाराम भारती उम्र 22 वर्ष, मयंक सोनवानी पिता स्व. देवनाथ सोनवानी उम्र 19 वर्ष,चंद्रभान बंजारे उर्फ भानु पिता ईतवारी राम उम्र 27 वर्ष साकिनान पितईबंद थाना राजिम जिला गरियाबंद और शशांक गरड उर्फ शानु रॉव पिता दानी राम रॉव उम्र 23 वर्ष साकिन चंगोराभाठा रायपुर थाना डी.डी. नगर रायपुर जिला रायपुर को पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर धर दबोचा गया है। आरोपियों के विरुद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की जा रही हैइधर जिला प्रशासन द्वारा भी अवैध रेत परिवहन की शिकायत पर चैन माउंटेन गाड़ी व हाइवा गाडी को जप्त किया गया है।

## कम्बालपेठा गांव में जल जीवन मिशन से ग्रामीणों को मिली राहत



**बीजापुर, 10 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर जिले के कंबालपेठा गांवें में जल जीवन मिशन योजना ने ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। इस गांव में गोंड, महार और कुम्हार जनजाति के लोग निवास करते है, जो पहले हैण्डपंप से पानी लाते थे। ग्राम में 8 नग हैण्डपंप संचालित है इसी से पेयजल का प्रबंध होता रहा है।केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के तहत कंबालपेठा में 20.70 रू.लाख की लागत से 1815 मीटर पाईप लाईन का विस्तार किया गया। ग्राम में 01 नग सोलर पंप स्थापित किया गया, जिससे 20 परिवारों को घर पर ही पेयजल की सुविधा मिल रही है। इससे पहले ग्रामीणों को हैण्डपंप से पानी लाने के लिए दूर-दराज तक जाना पड़ता था, जिससे समय और श्रम की बर्बादी होती थी। ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम कंबालपेठा में 4 मई 2025 हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया। इस दौरान ग्राम के सरपंच श्रीमती सुनिता वासम एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। ग्राम के निवासी स्ताडी पायम बताते है कि पहले पानी की बहुत समस्या थी हैण्डपंप से दूर-दूर से पानी लाते थे, अब हमारे घर मे पानी मिल रहा है, हम ग्रामवासी बहुत खुश है। यह बयान जल जीवन मिशन की सफलता का दर्शाता है, जिसने ग्रामीणों की जीवनशैली में सुधार किया है।इस मिशन से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने में लगने वाला समय बचा है और स्वास्थ्य में भी सुधार हुआ है। कंबालपेठा ग्राम में जल जीवन मिशन के तहत किए गए कार्यों ने न केवल पेयजल की समस्या का समाधान किया, बल्कि ग्रामीणों की जीवन में भी सुधार किया है।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजनांतर्गत आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर, 10 जून।** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा योजनांतर्गत व्यक्तिगत निवेशको, सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों, एफ.पी.ओ.. एस.एच.जी. एवं सहकारिताओं के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना (क्र्स्न्रस्थ) की शुरूआत की गई है। सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम जैसे राईस मिल, दाल मिल, पोहा मुरमुरा, मिठाईयां निर्माण, महुआ लड्डू, महुआ चिक्की, महुआ चाय पत्ती, इमली चपाती, इमली चटनी, इमली कैंडी, आमचूर, तीखुर शेक, पापड, बड़ी, आचार, बेकरी सामग्री, डेयरी एवं अन्य खाद्य उत्पाद स्थापित करने वाले इच्छुक उद्यमियों की सहायता की जाएगी। जिसके तहत् स्वरोजगार स्थापना करने के लिए बैंक शाखाओं के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण इकाई के उन्नयन अथवा नवीन उद्योग स्थापना हेतु ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। प्रति उद्यम परियोजना लागत का 35ः क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी अधिकतम 10.00 लाख रूपये अनुदान का भी प्रावधान है। जिसमें लाभार्थी का अंशदान 10 प्रतिशत होना अनिवार्य है। स्व. सहायता समूहो को प्रति सदस्य राशि रूपये 40 हजार की दर से प्रारम्भिक पूंजी प्रदाय की जाती है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में कार्यालय, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बीजापुर, कलेक्टर कार्यालय रूम न. डी-20 में संपर्क कर सकते हैं।

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम संतोषपुर और मांझीगुड़ा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**बीजापुर, 10 जून।** भारत सरकार की प्रमुख योजना ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ के अंतर्गत ग्राम संतोषपुर एवं मांझीगुड़ा में किसानों को उन्नत कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी और मत्स्य पालन की जानकारी देने के उद्देश्य से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, कृषि सखी एवं ग्रामीणों ने भाग लिया।कार्यक्रम के दौरान पशुपालन विभाग से डॉ. सुरेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में मांझीगुड़ा में पशुओं का टीकाकरण किया गया एवं एकटंगिया, गलघोंटू जैसी बीमारियों की दवाइयों का वितरण किया गया।उद्यानिकी विभाग से श्री सुकालू कचलाम ने ''नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल पाम'' योजना के तहत तिलहनी फसलों के उत्पादन में वृद्धि की जानकारी दी और आम के पौधों में कलम करने का जीवंत प्रदर्शन किया।मत्स्य पालन विभाग से श्री दामोदर यालम ने ग्रामीणों को ÷मत्स्य दुर्घटना बीमा योजना÷ मत्स्य बीज वितरण और तालाब निर्माण की विधियों की जानकारी दी।कृषि विज्ञान केंद्र से फार्म मैनेजर श्री दिनेश मरापी ने धान बीज को 17ः नमक के घोल से उपचारित करने तथा श्री पद्धति से धान की रोपाई के बारे में बताया।आत्मा योजना से श्रीमती उषा दुर्गम ने समन्वित कृषि प्रणाली, बिजामृत, जीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र आदि जैविक तकनीकों की जानकारी दी। वहीं श्री विदेश्वर कुमार ने एग्री स्टेक, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।कार्यक्रम में श्री दिलीप कोरसा (जनपद सदस्य), श्री विनोद कुडमुल (उप सरपंच, संतोषपुर), श्री जयकिशन देवांगन (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी), श्री पंकज नेताम, श्री शैलेन्द्र कुमार तथा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

## डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार 2025 के लिए 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद, 10 जून ।** कृषि विभाग द्वारा राज्य के उत्कृष्ट कृषकों को सम्मानित करने हेतु ''डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार'' वर्ष 2025 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार कृषि क्षेत्र में नवाचार, उत्पादन वृद्धि एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कृषकों को प्रदान किया जाता है।आवेदन पत्र जिले के उप संचालक कृषि कार्यालय एवं विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। साथ ही, कृषि विभाग की  पर भी यह प्रपत्र उपलब्ध है।निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे आवेदन 31 जुलाई 2025 तक संबंधित कार्यालयों में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अवलोकन कर सकते हैं।

## राज्य खेल अलंकरण के लिए आवेदन 26 जून तक

**महासमुंद, 10 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को प्रदान किए जाते हैं।राज्य खेल अलंकरण के अंतर्गत सीनियर वर्ग के ऐसे खिलाड़ियों को शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा राष्ट्रीय चैंपियनशिप में या राष्ट्रीय खेलों में कोई पदक प्राप्त किया गया हो या अधिकृत अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व किया गया हो।इसी प्रकार जूनियर वर्ग के उन खिलाड़ियों को शहीद कौशल यादव पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है, जिनके द्वारा जूनियर वर्ग के राष्ट्रीय चैंपियनशिप में कोई पदक प्राप्त किया गया हो।ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने विगत 5 वर्षों में चार बार सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिनिधित्व करने वाले महिला-पुरुष खिलाड़ियों को शहीद पंकज विक्रम सम्मान से सम्मानित किया जाता है। प्रशिक्षकों, निर्णायकों को वीर हनुमान सिंह पुरस्कार से अलंकृत किया जाता है।खेल से जुड़े 55 वर्ष या अधिक उम्र के अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लिया हो या राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किया हो या संबंधित ने ऐसी कोई उल्लेखनीय सेवा खेल के क्षेत्र में की हो जिनके आधार पर उन्हें सम्मानित किए जाने हेतु विचार किया जाए उन्हें शहीद विनोद चौबे सम्मान से अलंकृत किया जाता है।इसी प्रकार सीनियर व जूनियर वर्ग में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त दल को मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाती है। पुरस्कार के नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित किए गए हैं, नियमों के अंतर्गत पात्रता रखने वाले आवेदकों को पुरस्कार के लिए प्रावीण्यता के आधार पर चयन किया जाएगा। शहीद राजीव पाण्डे पुरस्कार हेतु रुपए 3 लाख, शहीद कौशल यादव पुरस्कार हेतु रुपए 1 लाख 50 हज़ार, वीर हनुमान सिंह पुरस्कार हेतु रुपए 1 लाख 50 हज़ार, शहीद विनोद चौबे सम्मान एवं शहीद पंकज विक्रम सम्मान हेतु रुपए 25-25 हज़ार नगद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार सीनियर एवं जूनियर वर्ग में दलिय खेलों के लिए मुख्यमंत्री ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जिसमें ऐसे दलीय खेल जिसके सदस्यों की संख्या चार है उन्हें सीनियर वर्ग में रुपए दो लाख एवं जूनियर वर्ग में रुपए एक लाख का पुरस्कार दिया जाएगा तथा ऐसे दलिय खेल जिसमें सदस्यों की संख्या चार से अधिक है ।

### एक नजर

## विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ग्राम बड़ेसाजापाली में कृषक शिविर आयोजित

**महासमुंद,10 जून।** विकसित भारत 2047 के संकल्प को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में 12 जून तक विभिन्न स्थानों पर कृषक चौपल व शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बसना विकासखंड के ग्राम बड़ेसाजापाली में आज कृषक प्रशिक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्थानीय कृषकों के लिए ज्ञान, नवाचार और समाधान का केंद्र बना।इस दौरान शिविर में किसानों को खेत की तैयारी से लेकर फसल कटाई तक की विज्ञान-आधारित कृषि क्रियाएं समझाई गई। साथ ही मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक और बाजार संभावनाएं, लाइट ट्रैप व फेरोमेन ट्रैप से कीट नियंत्रण की जैविक विधियां, जैविक खेती के लाभ व स्थायी खेती की दिशा में कदम, सरकारी योजनाओं, अनुदान एवं कृषि यंत्रों की जानकारी दी गई। शिविर में किसानों की समस्याओं का सीधा समाधान किया गया तथा फसल रोग और मिट्टी परीक्षण सुझाव दिए गए। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा वैरायटी एमटीयू 1318 एवं स्वर्णा धान बीज कृषकों को वितरण किया गया। इनमें कृषक श्री पुनीत राम, श्री हलधर, श्री द्वारिका, एवं श्रीमती फूलबाई शामिल है।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती खेस शामिल हुई, जिनके मार्गदर्शन में शिविर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद से डॉ. रवीश केसरी, डॉ. एस. के. प्रधान, डॉ. योगेश्वर पटेल, तथा पशुपालन विभाग से डॉ. सत्यप्रकाश साहू, सरपंच बड़ेसाजापाली ईश्वरी कुर्रे, सरपंच बेलटिकरी, सरपंच मुंगाडेही श्री डोरीलाल धृतलहरे, समिति प्रभारी गणेश सिंह नेताम, उद्यानिकी विभाग से डी. के. राठिया मंडल अध्यक्ष डेविड चौधरी (भावेपुर), सोसायटी अध्यक्ष झनकराम चौधरी, अन्य जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण कृषकों और ग्राम के कृषि विस्तार अधिकारी श्री मुकेश कुमार, होमेश ध्रुव, और कमल नारायण निषाद मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना के लिए 20 जून तक आवेदन आमंत्रित

**कांकेर, 10 जून ।** महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र कांकेर द्वारा जिले में निवासरत 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पात्र व्यक्तियों के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्वरोजगार स्थापना करने 20 जून 2025 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदक की शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है, इसके लिए एक परिवार से केवल एक व्यक्ति पात्र होगा। योजना में हितग्राही प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत अनुदान का लाभ उठा सकते हैं, अधिकतम अनुदान 10 लाख रूपए प्रति उद्यम तक हो सकती है। लाभार्थी का अंशदान न्यूनतम 10 प्रतिशत होगा और शेष राशि बैंक के ऋण के रूप में देय होगी  जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र महाप्रबंधक ने बताया कि इस योजना अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण आधारित उद्योगों को लाभ प्रदान किया जायेगा जैसे- सीताफल से आईसक्रीम निर्माण, इमली कैण्डी, इमली पर आधारित उत्पाद, मुरमुरा निर्माण, पोहा उद्योग, आचार निर्माण, मसाला निर्माण एवं पैकेजिंग, बड़ी, पापड़, रेडी टू ईट, टमाटर पर आधारित उत्पाद जैसे टमाटर चटनी, सॉस, फलों से मुरब्बा, जूस निर्माण, मक्का प्रोसेसिंग, मक्का फ्लेक्स, पॉप कार्न, गेहूं, बाजरा, कोदो-कुटकी आधारित उत्पाद, महुआ प्रसंस्करण, महुआ लड्डू एवं बेकरी प्रोडक्ट्स जैसे- केक, बिस्किट, ब्रेड, चॉकलेट,  किया जायेगा।

# सीईओ एस आलोक ने जनचौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं



**महासमुंद, 10 जून ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने आज मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के विभिन्न स्थानों से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। उन्होंने संबंधित विभाग को आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए कहा। आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के 52 आवेदकों ने आवेदन प्रस्तुत किए। सीईओ श्री एस. आलोक ने सभी आवेदकों की समस्याएं बारी-बारी सुनी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू, श्री रविराज ठाकुर, एसडीएम सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

जन चौपाल में ग्राम कोटनपाली बागबाहरा निवासी सदाराम साहू द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने हेतु आवेदन किया गया जिस पर संबंधित अधिकारी को शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। ग्राम झिलमिला महासमुंद के निवासियों द्वारा वन अधिकार पत्र एवं रोजगार गारंटी योजना की बकाया राशि दिलाने हेतु आवेदन किया गया। अजय दास मानिकपुरी द्वारा पंडित दीनदयाल ग्रामीण कृषि मजदूर योजना के तहत राशि दिलवाने हेतु आवेदन किया गया। इसके अलावा पट्टा बेदखली, पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, नामांतरण त्रुटि, अवैध कब्जा, मुआवजा राशि, साथ ही अन्य माँग एवं शिकायत संबंधी आवेदन प्राप्त हुए, जिस पर शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## सहायक विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा 15 जून को

**महासमुंद, 10 जून ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित ''सहायक विस्तार अधिकारी (एडीईओ) भर्ती परीक्षा 2025'' का आयोजन रविवार 15 जून 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से 12:15 बजे तक किया जाएगा। यह परीक्षा महासमुंद जिले के निर्धारित 37 परीक्षा केंद्रों में एक ही पाली में सम्पन्न होगी। जिले से कुल 10066 परीक्षार्थी इस परीक्षा में सम्मिलित होंगे।परीक्षा के सुगम एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा परीक्षा केंद्रों तक गोपनीय सामग्री पहुंचाने के लिए परिवहन अधिकारी, पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर ने संबंधित सभी अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध एवं गोपनीयता बनाए रखते हुए निर्वहन करने निर्देशित किया है।

# पालनार के 300 से अधिक घरों में हुआ उजियारा



**बीजापुर, 10 जून।** छत्तीसगढ़ सरकार के महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार से बीजापुर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पालनार में विकास की गति तेज रफ्तार से बढ़ रही है। पालनार ग्राम पंचायत क्षेत्रफल की दृष्टि से बहुत बड़ा गांव है जो सात पारा-मोहल्ला में बंटा हुआ है।

पालनार माओवादियों के गढ़ कहे जाने वाले अंदरूनी गांव है जहां माओवादियों के आतंक के कारण पूरा गांव उजड़ चुका था ग्रामीण बताते है कि 80 के दशक में गांव में बिजली लगा हुआ था किंतु 2005 में सलवा जुडुम के दौरान माओवादियों के आतंक के कारण विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। 20-25 वर्षो तक ग्रामीण अंधेरे और भय से जीवन जीने को मजबूर थे। किंतु मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय सरकार के पहल से नियद नेल्लानार योजना शुरू हुई जिससे पालनार में नवीन पुलिस सुरक्षा कैम्प स्थापित हुआ गांव में कनेक्टिविटी बढ़ी मोबाईल टॉवर लगा और अब विद्युतीकरण का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि पालनार में सात पारा है दूर-दूर बसाहट होने के कारण  क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा पंचायत है। वहीं बिजली विभाग द्वारा बताया गया कि दूर-दूर बसाहट होने के कारण तीन सौ घरों में उनके घर तक बिजली पहुंचाने का कार्य कठिन था उसके बावजूद लगातार कार्य करते हुए कुल 14 ट्रांसफार्मर स्थापित किया जिससे सभी घरों में बिजली की पहुंच सुनिश्चित हुई।बिजली के साथ-साथ जल जीवन मिशन के तहत घरों में नल एवं स्वच्छ जल की आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हैण्डपंपों के द्वारा भी जल की आपूर्ति ग्रामीणों को हो रही है।आधार शिविर एवं सैचुरेशन शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक, एवं अन्य दस्तावेज प्रदाय करने हेतु लगातार शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।गांव की सरपंच श्रीमती मालती ताती सहित अन्य ग्रामीण भद्रू ताती, बुधराम पुनेम ने बताया कि वर्षो तक गांव में बिजली नहीं होने से रात के अंधेरे से भय का वातावरण रहता था। जंगली जानवरों सांप बिच्छू से स्वयं को असुरक्षित महसूस करते थे अब गांव पूरी तरह रौशन हो गया जिससे सुरक्षा का वातावरण निर्मित हुआ वहीं बच्चों की पढ़ाई लिखाई एवं उनके सुंदर भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त हुआ है। नियद नेल्लानार योजना से गांव का विकास तीव्र गति से हो रहा है। इस योजना को लागू करने के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया।

# 21 परीक्षा केन्द्रों में 15 जून को होगी व्यापमं की सहायक विकास विस्तार अधिकारी भर्ती परीक्षा

**जगदलपुर 10 जून ।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 15 जून 2025 को सहायक विकास विस्तार अधिकारी की भर्ती परीक्षा प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक जगदलपुर के 21 परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जिसके तहत केन्द्र क्रमांक 17001 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 02 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17002 सक्सेस कॉनवेंट हायर सेकण्डरी स्कूल दीनदयाल उपाध्याय वार्ड-19 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17003 शासकीय दन्तेश्वरी पीजी महिला महाविद्यालय शांति नगर जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17004 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल जगदलपुर क्रमांक-1, केन्द्र क्रमांक 17005 शासकीय बहुउद्देशीय हायर सेकेण्डरी स्कूल जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17006 शासकीय कन्या हायर सेकण्डी स्कूल क्रमांक-02 राजेन्द्र नगर वार्ड गीदम रोड जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17007 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल धरमपुरा स्पोर्ट्स काम्पलेक्स धरमपुरा जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17008 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल अग्रसेन चैक संजय मार्केट रोड जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17009 स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट हिन्दी मीडियम शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल रेल्वे कॉलोनी जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17010 धरमु माहरा शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा-2 जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17011 शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल भगत सिंह सिविल लाईन पथरागुड़ा लालबाग के पास जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17012 बाल विहार हायर सेकण्डरी स्कूल बालाजी वार्ड जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17013 निर्मल हायर सेकण्डरी स्कूल लालबाग जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17014 शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल आसना तहसील जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17015 श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय कंगोली सरस्वती शिशु मंदिर परिसर कंगोली जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17016 विद्या ज्योति हायर सेकण्डरी स्कूल दंतेश्वरी वार्ड, गीदम रोड जगदलपुर, 17017 श्री विद्यापती एकेडमी बहादुरगुड़ा जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17018 शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल पोटानार, तहसील तोकापाल, 17019 क्राईस्ट कॉलेज राजेन्द्र नगर गीदम रोड जगदलपुर, केन्द्र क्रमांक 17020 शासकीय हाई स्कूल पनारापारा जगदलपुर और केन्द्र क्रमांक 17021 शहीद गुण्डाधूर कॉलेज कृषि एवं अनुसंधान केंद्र कुम्हरावण्ड जगदलपुर शासकीय पर उक्त भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी।

उपरोक्त परीक्षा में समस्त परीक्षार्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर श्री मायानन्द चन्द्रा मोबाइल नंबर 99267-59295 को नोडल अधिकारी और प्राचार्य शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अनिल श्रीवास्तव मोबाइल नंबर 98274-91253 को समन्वयक एवं सहायक प्राध्यापक शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर डॉ. अजय सिंह ठाकुर मोबाइल नंबर 70009-74126 को सहायक समन्वयक नियुक्त किया गया है।

# पंचतत्व में विलीन हुए कला गुरु अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**रायगढ़।** प्रसिद्ध कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर का 9 जून को सुरलोक गमन हो गया।उनकी अंतिम यात्रा 10 जून को दरोगापारा स्थित निवास से निकाली गई।वेदमणि गुरुजी? को विदाई देने जनसैलाब उमड़ पड़ा। उन की? अंतिम यात्रा में? शहर,जिला सहित प्रदेश भर से भारी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि दी,जो उनकी लोकप्रियता और समाज में उनके योगदान का प्रतीक है।

इसके पहले 9 जून को वेदमणि सिंह ठाकुर के अवसान की खबर ने समूचे नगर को शोकाकुल कर दिया।अंतिम दर्शन हेतु बेदम गुरुजी का पार्थिव शरीर उनके निवास पर रखा गया था , जहां गुरुजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने लोगों का तांता लगा रहा। 10 जून को उनकी अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे,जिनमें उनके शिष्य,प्रशंसक और समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल थे।लोगों ने कला गुरु को श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को याद किया और उनके साथ बिताए गए पलों को साझा किया। मंगलवार को पूर्वाह्न 10 बजे कयाघाट मुक्तिधाम में कलागुरु को पंचतत्व में विलीन होता देख उपस्थित जनसमूह के नेत्र सजल हो उठे।सभी ने कृतज्ञ भाव से उन्हें भावपूर्ण विदाई दी।कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर ने अपने जीवनकाल में कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया और कई पीढ़ियों को प्रेरित किया।उनकी विरासत और शिक्षाएं आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी रहेंगी।उनके कलासाधक शिष्यों मे शुमार,मनहरण सिंह ठाकुर,जगदीश मेहर,निमाई चरण पंडा,रामलाल बरेठ,सुनील वैष्णव,बासंती वैष्णव,गणेश कछवाहा,सुरेंद्र सिंह ठाकुर,चंद्रा देवांगन,डी एल देवांगन, तरुण बघेल,मनोज श्रीवास्तव,राकेश शर्मा,निशा शर्मा,देवेश शर्मा,लीलाधर वैष्णव, ईश्वर यादव,सुनील गुप्ता,रामायण सिंह सिदार, गोविंदमिश्रा जज साहब, प्रोफे.क्रांतिकुमार तिवारी,हरेराम तिवारी आदि ने भावुक होते हुए कहा कि कलागुरु के निधन से समाज में एक शून्य उत्पन्न हुआ है,लेकिन उनकी यादें और कार्य हमेशा के लिए अमिट रहेंगे।अंत्येष्टि उपरांत मुक्तिधाम मे कलागुरू की आत्मशांति के लिए 2 मिनट मौन के साथ एक शोक सभा आयोजित कर उनके बेहद करीबी रहे जगदीश मेहर,प्रो.अंबिका वर्मा,पूर्व निगम सभापति सुभाष पांडेय,नंदलाल त्रिपाठी,उमाशंकर पटेल,तरुण बघेल,श्याम नारायण श्रीवास्तव,कमल बहिदार,किशोर बारीक,हरेराम तिवारी,जगदीश मेहर आदि गणमान्य जनों ने शोक सभा को संबोधित करते हुए दिवंगत कलागुरू को श्रद्धांजलि दीऔर परमात्मा से प्रार्थना की,उन्हें, परम् गति प्रदान करें एवं पीड़ित परिवार को इस बज्रघात को सहने की शक्ति प्रदान करें।अंत मे संगीत विशारद जगदीश मेहर ने दिवंगत कलागुरू का सम्मान,लय बद्ध चंद पंक्तियों ÷गुरु की महिमा कौन बखाने÷सुनाकर किया।उन्होंने कहा कि कलानगरी रायगढ़ की सांस्कृतिक विरासत बेदम की सदैव ऋणी रहेगी।

## समय-सीमा की बैठक में शहीद आकाश राव को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद, 10 जून ।** जिला कार्यालय में आज आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक की शुरुआत शहीद श्रद्धांजलि से की गई। बीते दिनों सुकमा जिले में नक्सली हमले में शहीद हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) आकाश राव गिरीपुंजे को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीद अधिकारी के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि साहू, डिप्टी कलेक्टर श्री रविराज ठाकुर, एवं जिले के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीईओ श्री एस. आलोक ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरीपुंजे जैसे जांबाज पुलिस अधिकारियों की शहादत को देश कभी भुला नहीं सकता। वे युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था के लिए दिया गया उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा।

उल्लेखनीय है कि शहीद आकाश राव बतौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महासमुंद जिले में अपनी सेवाएं देकर जन मानस में अपने कार्यशैली,व्यवहार और व्यक्तित्व से अमिट छाप छोड़ी है।

# पीएम मोदी को सेवा, सुशासन और जनकल्याण के 11 वर्ष पूर्ण करने पर सुधाकर ने दी बधाई



**बीजापुर,10 जून।** भाजपा आईटी सेल सहसंयोजक जिला बीजापुर श्री के.जी.सुधाकर जी,ने विश्व के  लोकप्रिय नेता भारत देश के महान नेता माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी,को देश के लिए समर्पित सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित की है।

मोदी जी के 11 साल बेमिसाल ÷संकल्प से सिद्धि तक÷ उपलब्धियां जिसमें भारत देश के जनता को प्रधानमंत्री आवास योजना महत्वकांक्षी योजना आयुष्मान योजना इसका शिलान्यास बीजापुर के पावन धरा से देश के लोकप्रिय  प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी, कल कमल से किया गया।सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की मूल भावना के साथ भारत ने 'अंत्योदय से राष्ट्रोदय' तक की जो यात्रा तय की है, वह 'विकसित भारत - आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण की अमिट आधारशिला बन चुकी है।इस 11 साल की यात्रा में हिंदुस्तान एक नई दिशा में आगे बढ़ रहा है, विकास के नए आयाम छू रहा है। हिंदुस्तान के हर राज्य में विकास की नई सम्भावनाएँ आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ तेजी के साथ विकास दिशा में आगे बढ़ रहा है।माँ भारती और 140 करोड़ देशवासियों को समर्पित सेवा, सुशासन, सशक्तिकरण और अंत्योदय की इस ऐतिहासिक यात्रा के लिए भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को उनके दृढ़ एवं समर्पित नेतृत्व के लिए हार्दिक अभिनंदन किये।

# लंबे समय से चल रहे आटो संघ व बस एसोसिएशन के मतभेद हुए समाप्त

■ नगरपालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयकारी प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही

**भाटापारा, 10 जून।** लम्बे समय से ऑटो संघ एवं बस एसोसिएशन के मध्य चल रहे मतभेद का समाधान संवाद, सहयोग एवं संयम की त्रिवेणी से संभव हो सका। पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयपूर्ण प्रयासों तथा दोनों पक्षों की सकारात्मक सोच और परस्पर विश्वास ने इस जटिल विषय को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का मार्ग प्रशस्त किया।

इस समाधान की दिशा में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के समन्वयकारी प्रयासों की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में दोनों पक्षों के प्रतिनिधियों से खुले विचार-विमर्श और निष्पक्ष वार्ता का वातावरण तैयार हुआ, जिससे समन्वय का मार्ग प्रशस्त हुआ।

इस सराहनीय पहल के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए ऑटो संघ के प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्हें यह विश्वास भी दिलाया गया कि भविष्य में भी जनहित एवं परिवहन सुविधा से जुड़े विषयों पर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा।



यह समाधान न केवल दो संगठनों के बीच समन्वय का प्रतीक है, बल्कि भाटापारा की यातायात व्यवस्था में स्थिरता, सुचारु संचालन और आमजन की सुविधा की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि भी है। सभी संबंधित पक्षों द्वारा प्रदर्शित संयम, सहभागिता और परिपक्वता ने सामूहिक प्रयास को सफलता में परिणत किया है।

*परिवहन व्यवस्था किसी भी नगर की जीवनरेखा होती है। ऑटो संघ और बस एसोसिएशन के बीच उत्पन्न स्थिति को शांति और विश्वास के साथ सुलझाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी थी। सभी पक्षों ने परिपक्वता दिखाई और संवाद के माध्यम से समाधान को अपनाया, इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र हैं। जनहित में हम सदैव तत्पर हैं और भविष्य में भी ऐसी सकारात्मक पहल जारी रहेगी।*

***-अश्वनी शर्मा नपा अध्यक्ष***

# आंबा कार्यकर्ता सहायिका जिला इकाई की सतरूपा अध्यक्ष निर्वाचित



**भाटापारा, 10 जून।** गायत्री मंदिर बलौदा बाजार, में जुझारू आंगन बाडी कार्यकर्ता सहायिका, कल्याण संघ के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पदमावती साहू व उपाध्याक्ष भुनेश्वरी तिवारी के समक्ष छत्तीसगढ जुझारू आंगनबाडी कार्यकर्ता सहायिका जिला इकाई का निर्वाचन कार्य इनके समक्ष संपन्न कराया गया जिसमें र्निविरोध जिलाध्यक्ष के रूप में सतरूपा ध्रुव निर्विरोध निर्वाचित हुई एवं उपाध्यक्ष के पद पर पार्वती साहू, रंजना निषाद, राजश्री साहू राजेश्वरी वर्मा, जिला सचिव जीवन यादव, कोषाध्यक्ष भावना डुमेन सह सचिव, सुलोचना वर्मा मिडिया प्रभारी सरिता मनहरे, कार्यकारिणी सचिव बीना लहरे, वामिनी देवदास, तारणी वर्मा, अनामिका घृतलहरे, परियोजना अध्यक्ष बलौदा बाजार, कस्तूरी शुक्ला, कार्यकारिणी सचिव, सतवंतीन घृतलहरे, योगिता निर्विरोध निवाचित हुए जिसमें प्रमुख रूप से निर्वाचन कार्य में उपस्थित सारिका तिवारी, रेवती वत्सल, सीता बाघ, विभा श्रीवास्तव, नीता एवं ब्लाक अध्यक्ष भावना डुमने, राजश्री साहू, सतवंतीन घृतलहरे, हेमिन साहू, कस्तूरी शुक्ला, सुनीता, सोनाखान से मुकेश्वरी, एवं जिला के समस्त कार्यकर्ता, सहायिका भारी संख्या में उपस्थित थी । निर्वाचन होने पर सतरूपा ध्रुव, एवं उनके जिला संगठन के निर्वाचित सदस्यों को संगठन की ओर से बधाई दिया गया।

## एक नजर

### आकाशीय बिजली गिरने से दो मासूमों की गई जान

**अंबागढ़ चौकी, 10 जून।** अंबागढ़ चौकी के नजदीकी ग्राम- मालडोंगरी में लगभग शाम 4 बजे अचानक मौसम परिवर्तन हुआ और घर के बाड़ी में खेल रहे दो बच्चे संदीप नेताम उम्र-14 वर्ष पिता रुस्तम नेताम, सारिका कुंजाम उम्र-13 वर्ष पिता रामकुमार कुंजाम आकाशीय बिजली के पेड़ पर गिरने से उसके चपेट में आ गए और उनकी मौत हो गई। दोनों मासूमों को तत्काल स्वास्थ्य केन्द्र अंबागढ़ चौकी लाया गया लेकिन तब तक देर हो चुकी थी।

### चाकू से वार का चोट पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**बलौदाबाजार, 10 जून।** प्रार्थी रोशन लाल कुर्मी निवासी ग्राम बनडभरा थाना बिर्रा जिला जांजगीर-चांपा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वह 7 जून को ग्राम साबर में गांव वालों के साथ एक बारात कार्यक्रम में आया हुआ था, की इसी बीच सायं 05.45 बजे आरोपी चेतन कश्यप द्वारा पुराने पैसा लेनदेन की बात को लेकर पीछे से आकर धारदार चाकू से प्रार्थी के गले में प्राण घातक वारकर गंभीर चोट पहुंचाया है। की रिपोर्ट पर थाना कसडोल में अपराध क्र. 389/2025 धारा 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना कसडोल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी चेतन कश्यप को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पूर्व के पैसे लेनदेन की बात को लेकर रंजीतवश प्रार्थी के ऊपर चाकू से वारकर, उसे गंभीर चोंट पहुंचाना स्वीकार किया गया।

### पालना क्रेश कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 20 जून तक

**बलौदाबाजार, 10 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत बलौदाबाजार एकीकृत बाल विकास परियोजना में पालना क्रेश कार्यकर्ता के 2 एवं सहायिका के 2 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। पालना क्रेश कार्यकर्ता के 2 पद के लिए शहीद सुशील कुमार मसीह वार्ड-2 एवं संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार शामिल हैं।इसी तरह पालना क्रेश सहायिका के 2 पदों के लिए शहीद सुशील कुमार मसीह वार्ड-2 एवं संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार शामिल है। आवेदन करने के अंतिम तिथि 20 जून 2025 तक कार्यालयीन समय में सायं 5.30 बजे तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदाबाजार, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के पते पर अपना आवेदन पत्र पंजीकृत डाक, सामान्य डाक एवं व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते है।

### किसानों को खाद- बीज़ लेने में न हो कोई दिक्कत : कलेक्टर

**बलौदाबाजार, 10 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी ने सोमवार को कृषि,सहकारिता एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में खाद -बीज़ की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि सभी सहकारी समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद व बीज़ का भण्डारण सुनिश्चित करें, खाद -बीज़ लेने में किसानों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि सभी समितियों में मांग के अनुसार उर्वरक व बीज़ भण्डारण सुनिश्चित करने के के लिए राज्य कार्यालय को मांग पत्र प्रेषित करें। जिन समितियो मे अधिक मांग है वहां प्राथमिकता के आधार पर खाद -बीज़ का भण्डारण कराएं। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन खाद बीज़ की उपलब्धता एवं वितरण रिपोर्ट ले और जिन समितियों में कमी है वहां आपसी समन्वय से पूरा कराएं।

# दुलदुला में करंट से चार मवेशियों की मौत, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

**सिमगा, 10 जून।** ब्लॉक के ग्राम पंचायत दुलदुला में बिजली विभाग की घोर लापरवाही सामने आई है बिजली विभाग की लापरवाही के चलते दो भैंस और दो गायों की बिजली करंट से मौत हो गई है, आज सोमवार सुबह ग्रामीणों में भारी रोष बिजली विभाग के प्रति देखा गया एवं मुआवजे की मांग की जा रही है।

बता दें कि ग्राम दुलदुला में विगत लगभग एक सप्ताह पूर्व हाई टेंशन बिजली के तार खेत की जमीन पर गिर गए थे जिसकी जानकारी सरपंच द्वारा बिजली विभाग को लगभग एक सप्ताह पूर्व ही दे दिए थे, और उसे तत्काल हटाने या बनाने की मांग उनके द्वारा कही गई थी।

जिसमें जान माल का खतरा भी बताया गया था, लेकिन बिजली विभाग की घोर लापरवाही के चलते यह हादसा हो गया है जिसमें चार मवेशी बिजली करंट की चपेट में आकर मारे गए हैं।

जिसके बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश आज देखा गया है ग्रामीणों ने कहा यह बिजली विभाग की घोर लापरवाही है और उचित मुआवजा मवेशियों के मरने पर मिलना चाहिए।



ग्रामीणों बताया कि हाई टेंशन बिजली के तार खेत पर गिर गए थे जिसकी जानकारी सरपंच द्वारा पहले ही बिजली विभाग को दे दी गई थी लेकिन बिजली विभाग की सुस्त कार्य प्रणाली वह अनदेखी अब भारी पड़ गया।

ग्रामीणों ने कहा कि इसमें जान माल की हानि का हवाला पहले ही बिजली विभाग को दे दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा इस पर किसी भी तरह का ध्यान नहीं दिया गया जिसके चलते यह हादसा हुआ है। गनीमत है किसी इंसान की जान नहीं गई। साथ ही क्षेत्र के जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे ने भी कहा की जब से उक्त खार के खेत पर बिजली के तार गिर गए थे तभी से इसकी जानकारी विगत लगभग एक सप्ताह पहले ही बिजली विभाग को दे दिया था क्योंकि उसमें करंट दौड़ रहा था और गांव में अभी खेती बाड़ी करने का दिन है जिसके चलते ग्रामीणजन खेती करने अपने अपने खेतों में जा रहे हैं और किसी भी जान हानि की आशंका के चलते बिजली विभाग को पहले ही अवगत करवा दिया गया था , लेकिन बिजली विभाग किसी भी तरह से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया और आज चार मवेशी बिजली करंट के चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। सरपंच ने भी कहा की मवेशियों के मालिकों को उचित मुआवजा मिलना चाहिए।

# पंडित पांडेय को दी अंतिम विदाई

**रायपुर, 10 जून।** छत्तीसगढ़ी सिनेमा की ऐतिहासिक कृति 'घर-द्वार' के निर्माता स्व. विजय पांडेय के ज्येष्ठ पुत्र श्री जय किशोर पांडेय के असामयिक निधन ने पूरे छत्तीसगढ़ को गहरे शोक में डुबो दिया। 8 जून की दोपहर हृदयाघात के कारण उनके निधन के बाद, 9 जून को उनकी अंतिम यात्रा में हजारों लोग शामिल हुए, जिनमें राजनीति, पत्रकारिता, कला, संगीत, धर्म, अध्यात्म और समाजसेवा से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों के साथ-साथ आमजन का अपार समूह मौजूद था। श्री जय किशोर पांडेय की अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान से प्रारंभ होकर भनपुरी श्मशान घाट तक पहुंची। दौरान हर आंख नम थी और हर दिल में उनकी सौम्यता, कला के प्रति समर्पण और श्री रामचरितमानस के प्रति उनकी अटूट भक्ति की स्मृतियां जीवंत थीं। छत्तीसगढ़ी सिनेमा के प्रमुख निर्देशक, निर्माता, नायक-नायिका, संगीतकार और कला जगत से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राजनीति के कई दिग्गज नेताओं, पत्रकारिता जगत के वरिष्ठ चेहरों, समाजसेवियों और धर्म-अध्यात्म से जुड़े व्यक्तित्वों ने उनकी अंतिम विदाई में हिस्सा लिया। आसपास के व्यापारियों ने उनके प्रति सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप अपनी दुकानें बंद रखीं, जिससे शहर में शोक की गहरी छाया स्पष्ट दिखाई दी। जय किशोर पांडेय की विद्वता, उनकी सौम्य मुस्कान और छत्तीसगढ़ी संस्कृति के प्रति उनका योगदान हर किसी के मन में बस्ता है। एक शोक सभा में वक्ताओं ने कहा, ÷उनका जाना छत्तीसगढ़ी कला और संस्कृति के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक ऐसे व्यक्तित्व थे, जिन्होंने कला और अध्यात्म के संगम से समाज को नई दिशा दी।



# संदिग्ध हालत में घूम रही महिला को सखी सेंटर भेजा गया



**सिमगा, 10 जून।** बीती रात लगभग 1 बजे बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली को तिल्दा रोड ओवरब्रिज के पास एक महिला संदिग्ध अवस्था में बैठी दिखी जिस पर उन्होने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टीआई रितेश मिश्रा आरक्षक जितेंद्र कुर्रे महिला आरक्षक लोकेश्वरी साहू के साथ मौके में पहुंच कर महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर उसकी जांच करवा या। मेडिकल जांच में महिला शराब का सेवन की हुई थी। युवक विकास दास वे अधिकारीयों के सामने भुखी महिला को खाना खिलवाया। तत्पश्चात पुलिस ने उक्त महिला को सुरक्षित सखी सेंटर बलौदाबाजार भिजवाया।

पुलिस जांच पड़ताल में पता चला है कि नदी के उस पार बेमेतरा जिला के मुंगेरा गांव उसका मायका है तथा पथरिया के पास कंचनपुर ससुराल है एवं पति का नाम अनुज है जिसे सूचना कर दी गयी है कि सखी सेंटर से महिला को घर ले जाए।

# तिल्दा नेवरा में खुल रहे उद्योग से किसान व बेरोजगार खुश

### अल्दा और लखना में ग्रामीण विरोध में आए सामने

**तिल्दा नेवरा, 10 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के साथ इस वक्त तिल्दा नेवरा औद्योगिक क्षेत्र बन चुका है और धीरे धीरे उद्योगों का जाल बिछ रहा है गांव गांव में बढ़ते उद्योग से तिल्दा नेवरा ही नहीं पूरे अंचल में व्यापार प्रगति पर है रोजगार के साधन बढ़े है जमीनों की रेट बढ़ी है तिल्दा से सिमगा मार्ग हो या तिल्दा से भाटापारा बलौदा बाजार मार्ग खरोरा मार्ग रायपुर मार्ग बिलास पुर मार्ग चारों ओर बड़े बड़े उद्योग स्थापित हो रहे है और एक ओर इन उद्योगों में हजारों बाहर के श्रमिक कार्य कर रहे है वहीं स्थानीय मजदूर कम है ऐसा लोगों का कहना है। गांवों में विकास की किरण दिख रही है लेकिन गुटबाजी भी दिख रही है और जहां सर्वसम्मति नहीं है उन गांवों में उद्योगों के स्थापना का विरोध दिखता है।

ब्लाक के गांव अल्दा हो फिर लखना इन गांवों में विरोध हो रहा है। तिल्दा नेवरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत लखना में प्रस्तावित कंपनी मेसर्स मां बेरीवाली स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी प्रस्तावित है, इसके विरोध में ग्राम लखना के सरपंच एवं ग्रामीणों ने आज तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर उक्त प्रस्तावित प्लांट का घोर विरोध किए हैं।ग्रामीणजन भारी संख्या में महिला पुरुष युवक युवती यहां पर उपस्थित हुए थे और प्लांट का विरोध किए हैं, साथ ही 10 बिंदुओं में लिखित ज्ञापन एसडीएम को दिया गया है।और मांग की गई है कि उक्त प्लांट को गांव में नहीं खुलने दिया जाएगा। इस तरह सरोरा गांव मढ़ी बर तोरी सहित अनेक गांव है जहां लोग परेशान है इस पर शासन को जिला प्रशासन को ग्रामीणों को संतुष्ट करने की आवश्यकता है।

# नगर की बेटी अनमोल की मौत से पूरा शहर गमगीन



**भाटापारा, 10 जून।** भाटापारा की एक बेटी दहेज़ की बलि चढा दी गई नगर मे 25 वर्षीया अनमोल आहूजा की मौत की खबर ने पूरे शहर को गमगीन कर दिया जिसने भी सुना वह स्तब्ध रह गया मृतिका पूर्व पार्षद स्व. जमुनादास क्षत्री की पोती ,मुरली क्षत्री की बेटी का विवाह 3 वर्ष पूर्व जबलपुर निवासी विपुल आहूजा से हुई थी मृतका की एक डेढ वर्ष की बेटी है मृतका के परिजनो ने बताया गुरूवार की रात उनकी बेटी का फोन पिता मुरली क्षत्री के पास आया और अपने साथ मारपीट व प्रताडित किये जाने की जानकारी दी पिता ने सुबह आने की बात कहीं इसके बाद रात्रि 1:30 बजे ससुराल पक्ष से फोन आया की अनमोल छत से गिर गई है और अस्पताल में भारती है परिजन सुबह जबलपुर पहुंचे तो देखा अनमोल आईसीयू में अकेले थी और डॉक्टर ने उसे अमृत घोषित कर दिया था अमेरिका के शरीर पर कई जगह चोट की निशाने थी परिजनों दोषियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है। शादाब जालियावाला ने अनमोल को श्रद्धांजलि देते हुए कहा भाटापारा की हमारी बहन अनमोल दहेजी की बलि चढ़ा दी गई ।बहन अनमोल की मौत की खबर से पूरा शहर गमगीन है नशे की ग़लत लत व पैसे की हवस ने आज एक डेढ साल की मासूम बच्ची से उसकी माँ को छिन लिया। ये हम सबकी जिमेदारी है की हम अनमोल के लिए लड़ाई लड़े आज ये अनमोल के साथ हुआ कल किसी और के साथ ना हो। सरकार से माँग करता हूँ की इसमें बड़ी से बड़ी कार्यवाही हो आरोपियों को कड़ी सजा मिले। और अनमोल को देख के हमको संकल्प भी लेना चाहिए की पैसे और दहेज मांगने वालो को भीख देगे मगर बेटी नहीं। शादाब ने कहा अनमोल हम शर्मिदा है तेरे क़ातिल ज़िंदा है।



### सोशल मीडिया पर जिला प्रशासन की पैनी नजर

**बलौदाबाजार, 10 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देश विभिन्न सोशल मीडिया पर जिला एवं पुलिस प्रशासन पैनी नजर रखी जा रही है।सम्पर्क केंद्र स्थित मीडिया मॉनिटरिंग सेल के माध्यम से सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी की जा रही है।कलेक्टर श्री सोनी ने एनकॉर्ड की बैठक में सोशल मीडिया पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि जिले में सामाजिक सौहार्द,भाईचारा एवं शांति का माहौल है। जिलेवासी शांति के साथ विकास की ओर अग्रसर है। इस बीच सोशल मीडिया में सौहार्द या भाईचारा में विघ्न उत्पन्न करने वाले पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखें।यदि किसी भी व्यक्ति का पोस्ट भड़काऊ या सामजिक सौहार्द बिगाड़ने वाला हो तों उस पर कार्रवाई करें। उन्होंने जिले वासियों से भी अपील किया है कि सोशल मीडिया में ऐसी कोई भी पोस्ट न करें जिससे भाईचारा और शांति भंग हो। साथ ही सोशल मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा जांच किए प्रकरणों अनुसार कुल 27 लोगों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कानूनी कार्रवाई इस वर्ष अभी तक की गयी है जिन्होंने भ्रामक पोस्ट सोशल मीडिया पर किए थे।

### सिमगा के हरिनभट्ठा में मनाया गया चावल उत्सव

# हितग्राहियों को मिला एकमुश्त तीन माह का चावल

**सिमगा,10 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 'चावल उत्सव' ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में भव्य आयोजन के साथ की गई। जून, जुलाई और अगस्त ङ्क तीन माह के राशन का एकमुश्त वितरण इस अवसर पर किया गया, जिसे पंचायत स्तर पर एक उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम मे जनपद पंचायत सिमगा के सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे द्वारा पारंपरिक रीति से गुलाल लगाकर और श्रीफल फोड़कर किया गया।

मानसून को ध्यान में रखते हुए विशेष तैयारी :मानसून के दौरान प्रदेश की सभी उचित मूल्य दुकानें ऐसी हैं, जो वर्षा के समय पहुंचविहीन हो जाती हैं। ऐसे में जून माह में ही इन दुकानों में चावल का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वर्षा काल में भी राशन वितरण की प्रक्रिया निरंतर बनी रहे और किसी भी हितग्राही को असुविधा न हो। पारदर्शिता और जवाबदेही पर विशेष जोर :जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे ने यह भी स्पष्ट किया कि इस वितरण प्रणाली का मूल उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही और लाभार्थी को सुविधाजनक और सम्मानजनक तरीके से योजना का लाभ दिलाना है।अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ वितरण : चावल उत्सव के दौरान ग्राम पंचायत हरिनभट्ठा में जनप्रतिनिधि रंजीत सोनवानी अरुण दिवाकर. ओमप्रकाश मार्कण्डेय. नरेंद्र बंजारे. जिनेद्र भारती जमुना बाई. मेला राम. संजय यादव. महेश चतुर्वेदी. टीकाराम महिलाँग. आदि पंच सरपंच ग्रामीण रहे उपस्थित




**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चारामा, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202505142400014/ अ-2/2024-25

साकिन:- कण्डेल प.ह.न. 08

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि आवेदक किशोर पंज़वानी पिता रमेश पंजवानी, जाति सिंधी, निवासी ग्राम चारामा, तहसील चारामा, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के द्वारा ग्राम कण्डेल, तहसील चारामा स्थित उनके भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 594/3 रकबा 0.088 हे. को कॉम्प्लेक्स, सह गोदाम हेतु, व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अत: उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा या आपत्ति नियत सुनवाई दिनांक 12/06/2025 के पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जावेगी।

अत: आज दिनांक 29/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**चारामा,**
(मुहर) **जिला उत्तर बस्तर कांकेर**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

☎ 07721-233326, Email-npalika_tilda@yahoo.in

क्रमांक/248/लो.नि.वि./न.पा./2025-26 — तिल्दा-नेवरा, दिनांक 10.06.2025

**मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना**

नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा सीमांतर्गत अधोसंरचना मद अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित रोड एस.ओ.आर. 01.01.2015 एस.ओ.आर. में निविदायें कम/अधिक/बराबर प्रतिशत दर पर तीन लिफाफे पद्धति के माध्यम से रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से निम्नांकित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन की अंतिम तिथि - 30.06.2025 समय 05:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र प्रदान करने की अंतिम तिथि - 03.07.2025 समय 05:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 08.07.2025 समय 03:00 बजे तक।
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 09.07.2025 समय 04:00 बजे से।

| क्र. | कार्य का विवरण | राशि (लाख में) | अमानत राशि | प्रपत्र | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 13 में सांईनाथ चिल्ड वाटर से सत्यपाल से बत्रा के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.92 | 5000.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |
| 02 | वार्ड क्र. 13 में सांईनाथ चिल्ड वाटर से न्यू गार्डन के पीछे तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.24 | 5000.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |
| 03 | वार्ड क्र. 13 में निहीचलानी के घर से नेहा मेडिकल तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.95 | 5300.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |
| 04 | वार्ड क्र. 13 में चंद्रपाल सुखवानी के घर से अजय आटा चक्की तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 1.58 | 2000.00 | 'A' | 300.00 | 02 माह |
| 05 | वार्ड क्र. 13 में प्रकाश क्लाथ से परमानंद घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 2.38 | 2400.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |
| 06 | वार्ड क्र. 13 में नरेश क्लाथ से रहन्दोमल खुबचंदानी के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 5.01 | 5000.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |
| 07 | वार्ड क्र. 13 में चंदानी सर घर से रामचंद घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 3.76 | 3800.00 | 'A' | 750.00 | 03 माह |

नियम एवं शर्तें तथा कार्यों की विस्तृत विवरण संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद तिल्दा-नेवरा**

# सूरजपुर में शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण सफल : गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम

**रायपुर, 10 जून, 10 जून।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के तहत प्रत्येक बच्चे को समान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से सूरजपुर जिला प्रशासन ने शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले की कई शालाएं जहां शिक्षकों की भारी कमी से जूझ रही थीं, वहीं कुछ विद्यालयों में शिक्षक आवश्यकता से अधिक पदस्थ थे।

इस असंतुलन को दूर करने के लिए जिला प्रशासन ने छात्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शालाओं और शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया। इसके तहत जहां शिक्षक आवश्यकता से अधिक पदस्थ थे, वहां से उन्हें ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों की जरूरतमंद शालाओं में स्थानांतरित किया गया।

इस प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया। 1 से 3 जून 2025 तक शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, विश्रामपुर में ओपन काउंसलिंग का आयोजन किया गया। इसमें वरियता के आधार पर शिक्षकों को नई शालाएं चुनने का अवसर मिला। इससे न केवल शिक्षकों को संतोषजनक स्थान मिला, बल्कि उन स्कूलों को भी लाभ मिला जहां लंबे समय से योग्य शिक्षकों की आवश्यकता थी। इस युक्तियुक्तकरण से अब जिले के दूरस्थ व ग्रामीण अंचलों की शालाओं में भी सभी विषयों के शिक्षक उपलब्ध हो गए हैं। इससे बच्चों को अब गणित, विज्ञान, अंग्रेजी जैसे विषयों में भी बेहतर मार्गदर्शन मिल सकेगा।

शिक्षकों की नई और आवश्यकतानुसार पदस्थापना से जिले में शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की उम्मीद है। यह पहल न केवल बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रदान करेगी, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को संतुलित और सुदृढ़ बनाने की दिशा में भी एक सकारात्मक और दूरदर्शी प्रयास सिद्ध हो रही है। शासन की इस पहल को शिक्षक समुदाय और अभिभावकों दोनों से सराहना मिल रही है। यह युक्तियुक्तकरण न केवल शिक्षक वितरण की समस्या का समाधान है, बल्कि यह दर्शाता है कि सही नीति और पारदर्शी प्रक्रिया से शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाना संभव है।

## युक्तियुक्तकरण में अनियमितता: विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र जायसवाल निलंबित

शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण में गंभीर अनियमितताओं के चलते मनेन्द्रगढ़ (जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर) के विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुरेन्द्र प्रसाद जायसवाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, मनेन्द्रगढ़ की रिपोर्ट के आधार पर संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा द्वारा की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जायसवाल द्वारा युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में वरिष्ठता सूची से छेड़छाड़ और नियमों की अनदेखी की गई। जायसवाल ने माध्यमिक शाला लेदरी में वरिष्ठता क्रमांक 4393 की शिक्षिका श्रीमती गुंजन शर्मा को अनुचित रूप से अतिशेष घोषित किया गया, जबकि उनसे कनिष्ठ क्रमांक 4394 की श्रीमती बेबी धृतलहरे को सुरक्षित रखा गया। इसी तरह प्राथमिक शाला चिमटीमार में कार्यभार ग्रहण तिथि के आधार पर श्रीमती अर्णिमा जायसवाल को अतिशेष माना जाना था, परन्तु सूची में श्रीमती संध्या सिंह का नाम जोड़ा गया। माध्यमिक शाला साल्ही में शिक्षक सूर्यकान्त जोशी के विषय की जानकारी गलत दर्शाई गई और विषय चक्रानुसार उनकी पदस्थापना नहीं की गई। इन सभी मामलों में वरिष्ठ शिक्षकों को जानबूझकर कनिष्ठ दिखाया गया, जो कुटरचना, पद के प्रति लापरवाही और स्वेच्छाचारिता को दर्शाता है। यह आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उलंघन है।

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षा व्यवस्था होगी सुदृढ़ एक शिक्षकीय स्कूलों को मिले अतिरिक्त शिक्षक

**रायपुर, 10 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रारंभ की गई शिक्षक युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया से प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिल रहा है। इस प्रक्रिया के तहत एकल शिक्षक वाले विद्यालयों को अतिरिक्त शिक्षक उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे न केवल शिक्षकों की उपलब्धता संतुलित हुई है, बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में भी एक मजबूत आधार तैयार हुआ है। इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया। शिक्षकों को उनके पसंद के विद्यालय चुनने का अवसर मिला, जिससे उन्हें भी आत्मसंतुष्टि प्राप्त हुई और स्कूलों में शिक्षा का स्तर बेहतर हुआ। सरगुजा जिले की सहायक शिक्षक श्रीमती अनिता दास ने बताया कि यह पहली बार हुआ है जब अतिशेष शिक्षकों को अपनी पसंद के स्कूल का चयन करने का अवसर मिला। मुझे शासकीय प्राथमिक शाला धौरापारा (देवटिकरा) का चुनाव करने का अवसर मिला। प्रक्रिया के दौरान स्क्रीन पर एकल शिक्षक विद्यालयों की सूची दिखाई गई, जिससे हमने अपनी प्राथमिकता के अनुसार स्कूल का चुनाव किया। उन्होंने इस पहल को ऐतिहासिक और सकारात्मक बताते हुए कहा कि इससे एकल शिक्षक स्कूलों में भी अब विषयवार शिक्षण संभव हो सकेगा और बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इस पहल से विशेष रूप से दूरस्थ और शैक्षिक रूप से वंचित क्षेत्रों के स्कूलों को लाभ मिला है, जहां अब छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों में विशेषज्ञ शिक्षकों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## एक नजर

### धारदार हथियार से हमला कर युवक को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 10 जून।** सरोरा में एक युवक ने दूसरे युवक पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। मामले में उरला पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक डोमन बंछोर 35 वर्ष बीरगांव का रहने वाला था। बताया जाता है कि मृतक डोमन सरोरा निवासी हीरेन्द्र साहू 26 वर्ष के मकान में दीवाल फांदकर गया और दरवाजा को ठोक रहा था, तभी आरोपी ने धारदार हथियार से डोमन पर हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल डोमन को उपचार के लिए अस्पताल ले गए जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

### एटीएम से 35 हजार पार

**रायपुर, 10 जून।** टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया एटीएम से अज्ञात चोर ने 35 हजार रुपए ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संदीप कुमार मिश्रा 38 वर्ष हीरापुर कालोनी कबीरनगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी पत्नी के बैंक खाता में पैसा जमा करने के लिए टाटीबंध स्थित बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन में गया जहां 35 हजार जमा किया और बिना कंफर्म बटन दबाए बाहर आ गया। जिसके बाद अज्ञात व्यक्ति ने एटीएम मशीन में जाकर कैंसल बटन दबाकर 35 हजार रुपए रुपए निकाल कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर, 10 जून।** टिकरापारा और धरसींवा थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार बोरियाखुर्द निवासी दीपक यादव 43 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक बाइक क्रमांक सीजी 04 एमजेड 3746 को गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं ग्राम नेउरडीह निवासी कमलेश कुर्रे 35 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनयू 7261 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर, 10 जून।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर मुजगहन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रदीप पटेल 38 वर्ष हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 10 हजार सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 88 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 11 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 10 जून।** टिकरापारा पुलिस ने कालोनी फेस 2 बिजी खंबा के पास जुआ खेलते 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 54 हजार रुपए



पार कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कालोनी फेस 2 बिजली खंबा के पास दबिश देकर जुआ खेलहते आरोपी मुकेश लालवानी 40 वर्ष सहित अन्य 10 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 1 लाख 54 हजार रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## युक्तियुक्तकरण के खिलाफ सुलगी चिंगारी

# शिक्षकों ने पोल खोल रैली निकाल डीईओ बीईओ के खिलाफ की कार्रवाई की मांग

**रायपुर, 10 जून, 10 जून।** प्रदेश के अन्य जिलों की तरह जांजगीर-चांपा जिले में भी युक्तियुक्तकरण का विरोध हो रहा है. शिक्षकों के तमाम संगठन एक मंच में आकर डीइओ-बीईओ की पोल खोल रैली निकालकर डीईओ कार्यालय पहुंचे, जहां गलत तरीके से युक्तियुक्तकरण करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया. शिक्षकों के विरोध को देखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने आज शाम ही बैठक कर शिकायत की जांच कराने का आश्वासन दिया है.




जांजगीर-चाम्पा जिला में हुआ युक्तियुक्तकरण विवादों में घिर गया है. जिला शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण में अलग-अलग नियम अपनाया है. इसके साथ जिले के पांचों विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी अतिशेष सूची में भी भारी त्रुटि है, जिससे कारण सीनियर शिक्षक अतिशेष हो गए हैं, और जूनियर को उसी स्कूल में पदस्थ कर दिया गया है. इसके अलावा महिला शिक्षिकाओं को दूसरे जिला में ट्रांसफर कर दिया गया है. शिक्षकों ने इस त्रुटि को जानबूझकर की गई साजिश बताते हुए डीईओ और बीईओ पर कार्रवाई की मांग की.

शिक्षकों की आपत्तियों को दरकिनार करतेहुए जिला शिक्षा अधिकारी एके भारद्वाज शासन के गाइड लाइन के अनुसार, युक्तियुक्तकरण करने का दावा करते हैं. उन्होंने कहा कि बम्हनीडीह बीईओ द्वारा सूची बनाने में लापरवाही बरती गई थी, जिस पर कार्रवाई की गई है. अब शिक्षकों की शिकायत पर कलेक्टर के निर्देश पर आज शाम बैठक कर पूरे प्रकरण की समीक्षा करने की बात कही.

शिक्षक संघ का कहना है कि जांजगीर-चाम्पा जिला में युक्तियुक्तकरण के मामले में प्रदेश से अलग नियम अपनाने का आरोप लगाया है, जिसके कारण वरिष्ठ और गंभीर बीमारी से जूझते शिक्षकों को भी दूर भेज दिया गया है, वहीं जिन शिक्षकों ने प्रथम काउंसिलिंग में दिए जा रहे स्थान को अस्वीकार कर दिया, उन्हें जिले के अंतिम स्कूल और दूसरे जिलों में भी पदस्थापना दे दी गई है, जिसे शिक्षक द्वेषपूर्ण कार्रवाई बता रहे हैं.

## राज्यपाल डेका ने टीबी मरीजों को दी 60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता

**रायपुर, 10 जून।** राज्यपाल रमेन डेका ने सक्ति जिले के 10 टीबी मरीजों के लिए एक सराहनीय कदम उठाते हुए उन्हें पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने हेतु



60 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। यह सहायता राशि उन्होंने अपने स्वेच्छानुदान मद से दी है, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में मदद मिलेगी। प्रत्येक मरीज को प्रति माह 500 रुपए के मान से एक वर्ष तक सहायता दी जाएगी।

भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राज्य को टीबी मुक्त बनाने के लिए राज्यपाल डेका ने इस अभियान में समुदाय की भागीदारी को अत्यंत आवश्यक बताया और जन सहयोग की महत्ता पर बल दिया है। वे जिलों के भ्रमण के दौरान मरीजों की स्थिति की जानकारी लेते हैं और उनकी हरसंभव सहायता व मदद सुनिश्चित कराते हैं।

# प्रदेश के बड़े जिलों के कलेक्टरों पर गिरेगी गाज

- नारडा के नए सीईओ की तलाश शुरू
- दिल्ली जाने वाले अधिकारी होंगे कार्यमुक्त, सचिव स्तर पर होगा फेरबदल

**रायपुर, 10 जून।** सुशासन तिहार के दौरान जिन कलेक्टरों के खिलाफ गंभीर शिकायतें मिली थी, उन्हें हटाने के लिए प्रशासनिक कवायद शुरू हो गई है। बताया जाता है बड़े जिलों के 5-6 जिलों के कलेक्टरों पर भी गाज गिरेगी। इधर जिन अधिकारियों को दिल्ली प्रतिनियुक्ति पर भेजा रहा है। उनमें नारडा के सीईओ सौरभ कुमार और आईएस पी अन्बलगन, संस्कृति सचिव एवं उनकी पत्नी डी. अलरमेल मंगई, देव सेनापति को कार्यमुक्त करने के लिए आवश्यक फाइल मुख्य सचिव कार्यालय गई है, लेकिन अभी तक वापिस नहीं आई है। इसलिए उन्हें विभाग द्वारा कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार सुशासन तिहार के मुख्यमंत्री ने सभी जिलों का दौरा किया था, इस दौरान शिक्षकों की कमी प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं व्यापक शिकायतें आयी थी। मुख्यमंत्री ने शिकायत मिलने पर जमीनी स्तर पर कई अधिकारियों को निलंबित किया था। सुशासन तिहार समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री विभिन्न विभागों की समीक्षा कर रहे हैं। बताया जाता है कि कई बड़ जिलों के कलेक्टरों का नाम तय कर लिया गया है। दिल्ली से लौटने के बाद मुख्यमंत्री फिर से कामकाज में सक्रिय हो गए हैं। आज आदिम जाति विभाग की समीक्षा की जाएगी। कल 11 जून कबीर जयंती की छुट्टी होने के पश्चात शीघ्र ही, नया आदेश जारी होनी की संभावना है।

**नारडा को मिलेगा नया सीईओ:** नारडा के सीईओ आईएएस अधिकारी सौरभ कुमार की पदस्थापना नई दिल्ली स्थित रेवेन्यू विभाग के डायरेक्टर के रूप में कर दी गई है। इसलिए यहां पर नए सीईओ की तलाश जारी है। सीईओ का कार्य काफी महत्वपूर्ण होता है। इसके लिए कई आईएएस अधिकारी सक्रिय हैं।

## बरसात में भवन निर्माण सामग्री हो जाएगी महंगी

# ईंट व रेत का भाव आसमान पर



**रायपुर, 10 जून।** बरसात का मौसम शुरू होते ही अब भवन निर्माण सामग्री सप्लायरों ने रेत का भण्डारण शुरू कर दिया है। वहीं ईट भट्ठा बंद हो जाएगा, जिसके कारण इसका रेट भी बढ़ जाएगा। वहीं लोहे और सीमेंट का रेट स्थिर रहेगा।

भवन निर्माण सामग्री सप्लायरों के अनुसार बरसात के कारण नदियों में पानी का स्तर बढ़ जाता है, जिसके कारण रेत का उत्खन्न रूक जाता है। इसलिए रेत को इकट्ठा किया जाता है, इस समय आरंग के घोड़ारी घाट, पारा गांव राजिम से रेत का परिवहन किया जाता है। इसके बदले गिट्टी मंगाई जाती है। राजिम के आसपास पितईबंद में अवैध उत्खन्न करने के लिए रेत माफिया सक्रिय हो गया है, इसके कारण आए दिन विवाद होता रहता है, जिला कलेक्टरों द्वारा इस संबंध में कठोर कार्रवाई की जाती है। लेकिन रेत माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। बलरामपुर में एक सिपाही को माफियाओं ने गाड़ी चढ़ाकर कुचल दिया। वहीं आए दिन रायपुर जिले में रेत सप्लायरों एवं अधिकारियों के बीच विवाद होता रहता है। इसमें कई रसूखदार नेता भी शामिल हो गए है। इसके कारण अब विवाद पैदा होते जा रहा है। भवन निर्माण सप्लायरों के अनुसार वर्तमान में 1000 फीट रेती का रेट 3000 है जो बढ़कर 4000 हजार हो जाएगा। वहीं ईट का भी रेट अलग-अलग है, लाल ईट और काला ईट भी महंगा हो जाएगा। क्योकि बरसात लगते ही ईट का निर्माण बंद हो जाता है। इधर लोहे का रेट प्रति क्विंटल 5 हजार से घट जाएगा। सीमेंट का रेट प्रतिबोरी 300 रूपए है, इसका रेट स्थिर है। इस समय लापार्ज, अल्ट्राटेक, बांगड़ तथा एसीसी के डिमांड ज्यादा है। इस समय सीमेंट डीलर एसोसिएशन शांत है।

## पति ने की पत्नी की हत्या, तीन माह पहले हुई थी शादी

**रायपुर, 10 जून।** धमतरी जिले के नगरी के कोटपारा से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पति ने अपनी पत्नी की हंसिया से वार कर हत्या कर दी. बताया जा रहा कि दोनों की शादी तीन माह पहले ही हुई थी. चरित्र शंका को लेकर पति ने वारदात को अंजाम दिया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. घटना की सूचना मिलने पर नगरी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कार्रवाई में जुट गई है. मृतिका का नाम मीनाक्षी पटेल बताया जा रहा है. पुलिस ने आरोपी पति धनेश्वर पटेल को गिरफ्तार कर लिया है.

# कांग्रेस ने निकाली संविधान बचाओ रैली

## भय एवं आतंक का माहौल बनने का आरोप

**रायपुर, 10 जून।** ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान बचाओं रैली प्रत्येक विधानसभा में निकाली जा रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उधो प्रसाद वर्मा ने बताा कि सभी विधानसभाओं में संविधान बचाओ रैली निकाल कर देश एवं प्रदेश में जिस प्रकार से संवैधानिक संस्थाओं को अपने निजी संस्थान बनाकर विरोधी पार्टी के नेताओं को जो देश की समस्याओं को सरकार की विफ्लता को उजागर करने का काम करती है उसे दबाने के लिए श्व ष्ठ,द्ध ञ्च,ष्ट क्कद्ध का दुरुपयोग कर जांच के नाम पर डराने का काम कर रहे है उसके बाद राज्य सरकार की इओडब्ल्यूईडी एवं अन्य एजेंसियों का आड लेकर दबाव बना रहे है,मनमर्जी से बिना कानून कायदे के खुले आम मनमानी कर रहे है भय एवं आतंक से लोगों को डराकर शासन करना चाहते है ऐसे सभी कृत्यों का विरोध करते हुए भय भ्रष्टाचार के खिलाफलड़ने का आह्वान लोगो से निवेदन करने ये रैली निकले जा रहे है ।

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार बीरगांव में रायपुर ग्रामीण विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन हुआ रैली सुभाष चौक उरला से बीरगांव गांधी जी की प्रतिमा के पास आडवाणी आर्लिकन स्कूल के पास सम्पन्न हुआ रैली में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा,पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज शर्मा महापौर नंदलाल देवागन,योगेंद्र सोलंकी,सभापति कृपाराम निषाद सहित पार्षदगण जिला कांग्रेस,ब्लॉक कांग्रेस महिला कांग्रेस,युवा कांग्रेस के साथीगण सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# चक्रिय चक्रवात विक्षोभ, मानसून के विस्तार होने की संभावना

**रायपुर, 10 जून।** मानसून की गतिविधियां कुछ दिनों में सक्रिय होने की संभावना है। चक्रिय चक्रवात बनने के कारण शीघ्र ही वर्षा होने के संकेत हैं। कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलेगी।



मौसम वैज्ञानिक डॉ. चन्द्रा के अनुसार बंगाल की खाड़ी में एक चक्रिया चक्रवात बनने के कारण बाज राजधानी में दिनभर बदली छाई रही, जिसके कारण मध्यम से हल्की वर्षा होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 58 डिग्री पूर्व और 27 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक ऊपरि हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी-दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल-तटीय उड़ीसा के उपर 1.5 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक बना हुआ है । प्रदेश में कल दिनांक 10 जून को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। डॉ. चन्द्रा के अनुसार राजधानी रायपुर तथा दक्षिण छत्तीसगढ़ में भी मानसून का विस्तार होगा। इसके कारण वर्षा क्षेत्र बढ़ने की संभावना है। प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की भी संभावना है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की सम्भावना नहीं है। 11 जून से अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है । 12 जून से वर्षा का क्षेत्र बढ़ने की सम्भावना है । 15 जून के आसपास व्यापक वर्षा सम्भावित है ।

## सामने आया नया पता, कोर्ट में प्रस्तुत की अपने नए ठिकानों की जानकारी

# जेल से निकलने के बाद कहां रहेंगे रानू, सौम्या व समीर?

**रायपुर, 10 जून।** छत्तीसगढ़ कोल घोटाले में निलंबित आईएस रानू साहू, समीर विश्नोई और राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया की लोकेशन सामने आ गई है। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद उनकी रिहाई हुई थी। कोर्ट ने शर्तों के आधार पर जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि जेल से रिहा होने के बाद आरोपी छत्तीसगढ़ से बाहर रहेंगे ताकि केस को प्रभावित नहीं किया जा सके। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा था कि उन्हें एक सप्ताह के अंदर बताना होगा कि वह कहां रहेंगे।



**ये होगा नया ठिकाना:** सभी आरोपी सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य से बाहर चले गए हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बता दिया है कि अब कोर्ट के अगले आदेश तक वह कहां रहेंगे। निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू दिल्ली में रहेंगी। जबकि निलंबित राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया छत्तीसगढ़ के दूर बेंगलुरु में रहेंगी। वहीं, समीर विश्नोई अपने पैतृक स्थान कानपुर में रहेंगे।

**कोर्ट को दी जानकारी:** सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार सभी आरोपियों ने रिहाई के बाद रायपुर स्पेशल कोर्ट को अपने रहने की जानकारी दी है। छत्तीसगढ़ कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर विश्नोई, सौम्या चौरसिया, रजनीकांत तिवारी, वीरेन्द्र जायसवाल और संदीप नायक की रिहाई हुई थी। सौम्या चौरसिया दिसंबर 2022 में गिरफ्तार हुई थी। वहीं, रानू साहू को जुलाई 2023 में गिरफ्तार किया गया था।

**पूर्व सीएम की करीबी:** राज्य प्रशासनिक सेवा की अधिकारी सौम्या चौरसिया को पूर्व सीएम का करीबी माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि कांग्रेस के कार्यकाल में मंत्रालय में सौम्या चौरसिया का सिक्का चलता था। उनकी गिनती पावरफुल अधिकारियों में होती थी।

**क्या है घोटाला:** छत्तीसगढ़ में कोल लेवी घोटाला कांग्रेस के कार्यकाल में बाहर आया था। इसे मामले की जांच ईडी कर रही है। ईडी का दावा है कि छत्तीसगढ़ में कोयला घोटाला किया गया है। इस मामले में 36 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## आंगनबाड़ी में खरीदी घोटाला

# छह जिलों में गुणवत्ता में गड़बड़ी अफसरों की भूमिका संदेह के घेरे में

**रायपुर, 10 जून।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए की गई सामग्रियों की खरीदी में भारी अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। प्रारंभिक जांच में विभागीय अफसरों की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। जांच में सामने आया है कि कई जिलों में वितरित सामग्री न केवल घटिया गुणवत्ता की थी, बल्कि उसकी खरीदी में नियमों का भी पालन नहीं किया गया।

राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विशेष जांच समिति गठित की थी। समिति को पंद्रह दिनों के भीतर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों के अनुसार, अंतिम रिपोर्ट अभी लंबित है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट मंत्री को सौंप दी गई है, जिसमें गड़बड़ियों की पुष्टि की गई है।

प्रारंभिक जांच में रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, जशपुर और सरगुजा जिलों में आंगनबाड़ी केंद्रों को दी गई सामग्रियों की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठे हैं। समिति ने न केवल सामग्रियों की भौतिक जांच की, बल्कि गुणवत्ता मानकों का भी परीक्षण किया। कुछ नमूनों को वैज्ञानिक विश्लेषण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।

सूत्रों का कहना है कि घटिया सामग्री की खरीदी में विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्ट में भी इस बात का संकेत दिया गया है। हालांकि राज्य सरकार की ओर से अब तक यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर कब और किस स्तर की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों और महिलाओं को दी जाने वाली सामग्री की गुणवत्ता को लेकर लंबे समय से शिकायतें सामने आती रही हैं।

## नकली खनिज अधिकारी बनकर अवैध वसूली, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 10 जून।** खुद को खनिज विभाग का अधिकारी बताकर हाइवा चालकों से अवैध रूप से वसूली करने के आरोप में दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी अविनाश शर्मा और विनय यादव फर्जी खनिज अधिकारी बनकर नया रायपुर क्षेत्र में हाइवा वाहनों और ट्रकों को रोककर वाहन चालकों से पैसा मांग रहे थे। हाइवा चालकों को शक हुआ कि दोनों युवक सरकारी अधिकारी नहीं हैं, क्योंकि दोनों के पास कोई आधिकारिक आईडी या अनुमति पत्र नहीं था. इसके बाद ट्रक चालकों ने इसकी सूचना थाना राखी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही राखी थाना की टीम मौके पर पहुंचकर दोनों से पूछताछ की।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26